MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 41 | ग्वालियर,18 दिसम्बर सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

**एक बार फिर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जलवा देखने को मिल सकता है मोहन मंत्रिमंडल में**

## मध्य प्रदेश की राजनीति में केन्द्रीय मंत्री या महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया का दब दवा देखने को मिल स्कता राजनीतिक हलचल तेज

### मोहन कैबिनेट में चार से पांच मंत्री हो सकते है सिंधिया गुट के शामिल

मध्यप्रदेश में बीजेपी सरकार के गठन के बाद अब मोहन यादव की कैबिनेट का लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। माना जा रहा है कि मोहन यादव कैबिनेट में कई नए चेहरों को मौका मिल सकता है। भाज पा एक बार फिर से चौंकाने वाला फैसला ले सकती है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मिशन 29 का ऐलान किया था तो पहले क्या कहा था शिवराज सिंह चौहान



उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि किसी भी कीमत में आपका विश्वास टूटने नहीं दूंगा मेरे लिए मेरी लाडली बहन एक-एक वचन पूरा करेंगे लाडली लक्ष्मी से लाडली बहन का सफर लाडली बहन से लखपति बहन का सफर शुरू होगा शिवराज चौहान ने कहा कि मैं मिशन 29 पर निकला हूं लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में 29 की 29 सीटे जिताकर श्रीमान नरेंद्र मोदी जी के गल

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का हुआ आयोजन



**ग्वालियर।** आरोग्यधाम चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र व मोहन लाल सर्राफ मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट मुरार द्वारा आज दिनांक 17 दिसंबर रविवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन संजय नगर बस्ती लक्ष्मीगंज में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया।शिविर के दौरान सैकड़ों लोगों का परीक्षण किया गया और साथ ही निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण आदि की सुविधा दी गई। वहीं ऑपरेशन योग्य मरीजों को भी चिन्हित कर उन्हें ऑपरेशन के लिए आरोग्यधाम भेजा गया। इन सभी चयनित मरीजों के ऑपरेशन सोमवार को निःशुल्क ही किए जाएंगे।संस्था के प्रबंधक ने बताया कि जरूरतमंद लोगों के लिए यह निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया है। लोगों के लेंस प्रत्यारोपण,आपरेशन सहित अन्य आवश्यक मदद की जाएगी। कल 18 तारीख को आरोग्यधाम में ऑपरेशन होंगे।

## क्या है विकसित भारत संकल्प यात्रा और काशी तमिल संगमम, जिसके लिए वाराणसी में हैं पीएम मोदी?



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (17 दिसंबर) से अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर हैं. यहां वह सोमवार (18 दिसंबर) को करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे लेकिन उससे पहले रविवार को उन्होंने सरकारी योजनाओं से संबंधित %विकसित भारत संकल्प यात्रा% को संबोधित किया और नमो घाट से 'काशी तमिल संगमम' के दूसरे संस्करण की शुरुआत की. पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक प्रकार से उनकी भी कसौटी है. वहीं, उन्होंने काशी और तमिल के बीच एक अद्भुत संबंध बताया. आइये जानते हैं कि विकसित भारत संकल्प यात्रा और काशी तमिल संगमम क्या हैं.विकसित भारत संकल्प यात्रा एक सरकारी पहल है जो आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, पीएम स्वनिधि आदि जैसी प्रमुख केंद्रीय योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके कार्यान्वयन पर नजर रखने के लिए पूरे देश में चलाई जा रही है.विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये भारत की सभी ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और शहरी स्थानीय निकायों को कवर किया जाना है. इस पहल की वेबसाइट पर दी गई

**जब तक शरीर में प्राण है ,अन्याय के खिलाफ जनता के लिए संघर्ष करता रहूंगा**

## अब विधायकी का चुनाव नही लडूंगा डा गोविन्द सिंह का बयान,लहार में धन्यवाद सभा में उमड़ा भारी जन सैलाव

**भिण्ड** – जब तक शरीर में प्राण है लहार क्षेत्र की जनता को कभी पीठ नही दिखाऊंगा ,जनता पर होने वाले अन्याय के खिलाफ संघर्ष करूंगा पूरा साथ दूंगा ,यह बात पूर्व नेता प्रतिपक्ष डा गोविन्द सिंह ने लहार फार्मेसी कॉलेज में आयोजित धन्यवाद सभा में कही उन्होंने कहा लहार की जनता ने मुझे 35 साल विधायक बनाया ,जनता की कृपा से तीन तीन विभागो का मंत्री रहा नेता प्रतिपक्ष रहा ,इससे अधिक मुझे कुछ नहीं चाहिए , इसलिए विधायकी का चुनाव भी अब नही लडूंगा ,, उन्होंने कहा अब विधायक बनकर नहीं सन 1980 वाले गोविन्द सिंह बनकर जनता के ऊपर होने वाले अत्याचार के खिलाफ सड़क पर आंदोलन करूंगा ।।। लेकिन कार्यकर्ताओं को किसी भी कीमत पर मायूस नही होने दूंगा ।।इस दोरन फार्मेसी कॉलेज



मैदान में उपस्थित हजारों लोगों ने डा गोविन्द सिंह का साथ देने के लिए खड़े होकर उनके समर्थन में जिंदाबाद के नारे लगाए इस दौरान भिंड जिला के कांग्रेस प्रभारी बासुदेव शर्मा ने कहा जब तक भिंड जिले में डा गोविन्द सिंह जैसा इंकलाबी नेता है कांग्रेस कमजोर नहीं रहेगी **कांग्रेस का कार्यकर्ता मजबूती के साथ भाजपा का मुकाबला करेगा** –। इस मोके पर पूर्व मंत्री ब्रजेंद्र प्रताप सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष खिजरमोहमंद कुरेशी, जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह,शहर जिला अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा,यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पिंकी भदौरिया , लहार नगर पालिका के उपाध्यक्ष नरेश सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया,पूर्व मंडी अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह सेंगर,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, इफको के डायरेक्टर डा अमित प्रताप सिंह,पूर्व युवक कांग्रेस के राष्टीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह , मेहगांव विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल भदौरिया, सहित लगभग पांच हजार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धन्यवाद सभा में भागीदारी की ।।

### संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस, गठबंधन I.N.D.I.A बैठक के बाद 21 दिसंबर को होगी कार्यसमिति की बैठक

ब्यूरो, नई दिल्ली। विधानसभा चुनावों में निराशाजनक परिणाम के नतीजों से उबरने की कसरत में जुटी कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को गति देने के लिए पार्टी की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कांग्रेस कार्यसमिति की 21 दिसंबर को बैठक बुलाई है।विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की बैठक के दो दिन बाद ही कार्यसमिति की बैठक बुलाने के फैसले से साफ है कि कांग्रेस नेतृत्व 2024 अगले लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे से लेकर तमाम मुद्दों पर पार्टी में व्यापक सहमति का आधार तैयार करना चाहता है। **लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस** –लोकसभा चुनाव में पार्टी की राजनीति उम्मीदों को परवान चढ़ाने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत को लेकर भी इस बैठक में फैसला किया जा सकता है। पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के आने के बाद कांग्रेस कार्यसमिति की यह पहली बैठक होगी और स्वाभाविक रूप से पार्टी के प्रदर्शन की भी इसमें समीक्षा होगी।21 दिसंबर को होगी बैठकपार्टी सूत्रो

### सरकार बदलते ही निगम, मंडल और आयोग की नियुक्तियां रद्द



*जयपुर राजस्थान में भाजपा सरकार के गठन के बाद एक बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस सरकार में की गई निगम, मंडल और आयोग की नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया है। कांग्रेस सरकार ने अलग-अलग विभागों में अपने नेताओं को नियुक्तियां दी थी। गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल के चौथे वर्ष में विभिन्न निगम और बोर्ड में राजनीतिक नियुक्तियां दी थी। राजस्थान में सत्ता परिवर्तन होते ही गहलोत सरकार के कार्यकाल में लगाई गई नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से रद्द कर दी गई है। प्रशासनिक सुधार विभाग अनुभाग-3 ने आदेश जारी कर दिए है। प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय समितियां,आयोग, निगम, बोर्ड और टास्क फार्स इत्यादि में मनोनीत किए गए गैर सरकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का मनोनयन एवं गैर सरकारी सदस्यों की सलाहकार सेवाएं तुरंत प्रभाव से समाप्त की जाती है। राजस्थान में राज्य महिला आयोग, बाल आयोग समेत मानवाधिकार आयोग में राजनीतिक नियुक्तियां थी।*

### प्रदर्शनी के दौरान बच्ची ने पीएम मोदी को सुनाई कविता, इंस्टाग्राम पर रील शेयर कर बढ़ाया हौसला



वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदर्शनी में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक छात्रा से बातचीत की. उस बच्ची ने पीएम को हरे पौधे और प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया प्रदर्शित करने वाली अपनी प्रदर्शनी दिखाई. इस दौरान बच्ची ने प्रकाश संश्लेषण की पूरी प्रक्रिया को समझाने के लिए पीएम को एक कविता भी सुनाई. पीएम मोदी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस बच्ची की कविता का वीडियो पोस्ट किया है. पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, ÷वाराणसी में मेरी दोस्त विज्ञान अच्छी तरह जानती हैं और वह एक महान कवि भी है. पीएम मोदी ने उस बच्ची से पूछा कि घर में कोई तो ऐसी सब्जी होगी जो तुम्हें पसंद नहीं होगी. इसके जवाब में उस बच्ची ने कहा कि करेला नहीं पसंद है. इसके बाद उस बच्ची ने पीएम से उनकी प्रशंसा में एक कविता पढ़ने की अपील की.अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन पीएम मोदी ने वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदर्शनी के लाभार्थियों से बातचीत की. प्रदर्शनी देखने के बाद पीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ÷मोदी ने लोगों से भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लेने की अपील की.÷

### मॉडल ने सज्जन जिंदल पर लगाया बलात्कार का आरोप, अरबपति बोले- निराधार और झूठी है

मुंबई में मॉडल से बलात्कार के आरोपी अरबपति सज्जन जिंदल ने एक बयान जारी कर अपने ऊपर लगे आरोपों नकार दिया है. उन्होंने इन आरोपों को झूठा और निराधार बताया और कहा कि वह जांच में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे.पीटीआई के अनुसार जिंदल ने अपने बयान कहा, ÷वह जांच में पूर्ण सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. चूंकि जांच जारी है. इसलिए हम इस पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करेंगे.÷ इसके अलावा बयान में मीडिया से परिवार की निजता का सम्मान करने का भी अनुरोध किया गया है.**दुबई में हुई थी मुलाकात**–जिंदल पर आरोप लगाने वाली महिला का कहना है कि वह कुछ साल पहले दुबई में एक क्रिकेट मैच में 64 वर्षीय जिंदल से मिली थी. इसके बाद दोनों में दोस्ती हो गई. सोशल मीडिया प्रोफाइल के मुताबिक महिला एक एक्टर है.

## थाना मुरार क्षेत्र में हुई तीन चोरियों का हुआ खुलासा, पकड़े गये आरोपियों से चोरी का माल किया बरामद

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चन्देल,भापुसे द्वारा ग्वालियर जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाकर चोरों को पकड़ने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में प्रभारी अति. पुलिस अधीक्षक,ग्वालियर (शहर-पूर्व) अखिलेश रैनवाल द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में हुई चोरी व नकबजनी की घटनाओं का पर्दाफाश करने के लिए निर्देशित किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में सीएसपी मुरार राजीव जंगले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मदन मोहन मालवीय द्वारा थाना क्षेत्र में हुई चोरी व नकबजनी की घटनाओं के आरोपियों की पतारसी हेतु थाना बल की टीम को लगाया गया। आज दिनांक 17.12.23 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बडागांव हाईवे पुल के पास एक टेबलेट लेकर औनेपोने दाम पर बेचने के लिये खड़ा है। मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु थाना मुरार पुलिस की टीम को बडागांव हाईवे पुल के पास भेजा गया। वहां पर मुखबिर के बताये हुलिया का एक व्यक्ति हाथ में लेबलेट लिये खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे टीम द्वारा घेरबंदी कर पकड़ लिया गया। उससे पास मिले टेबलेट के संबंध में पूछताछ की तो कोई संतोष जनक जवाब नही दिया। पुलिस टीम द्वारा हिकमत अमली से पूछताछ की तो उक्त टेबलेट कृष्ण बिहार कालोनी बालाजीपुरम के पास से सूने घर से ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गये शातिर चोर का नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को ग्राम तरसोखर थाना अटेर जिला भिण्ड हाल श्याम गार्डन के पीछे खुरेरी मुरार का होना बताया। पकड़े गये शातिर चोर से पूछताछ कर मेमो लिया गया तो मेमो में आरोपी द्वारा थाना मुरार के अपराध कमांक 711/23 धारा 457,380 भादवि में अपने एक साथी एवं उसकी पत्नी के साथ मिल कर चोरी करना स्वीकार किया एवं आरोपी द्वारा थाना मुरार के अपराध कमांक 924/23 धारा 457,380 भादवि एवं अप0क्र0 970/23 धारा 457,380 भादवि की चोरी करना भी स्वीकार किया। पकड़े गये आरोपी की निशादेही पर अपराध क्र0



711/23 का मशरूका एक पैनासोनिक कंपनी का टेबलेट जब्त किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अपराध क्रमांक 924/23 धारा 457,380 भादवि एवं 970/23 धारा 457,380 भादवि में आरोपी की निशादेही पर उसके घर से अपराध कमांक 924/23 धारा 457,380 भादवि में एक वाशिंग मशीन एवं 970/23 धारा 457,380 भादवि में एक ल्यूमिनियस कंपनी का इंनवेटर व बैटरा जब्त किया गया। पकड़े गये आरोपी के बताये अनुसार उसके दूसरे साथी व उसकी पत्नी की तलाश उसके किराये के घर बालाजीपुर में की आरोपी नही मिला लेकिन आरोपी की पत्नी निवासी ग्राम हरनाथ का पुरा थाना देहात भिण्ड हाल किराये का मकान बालाजीपुरम् मुरार उपस्थित मिली। उक्त आरोपी महिला से महिला पुलिस कर्मियों द्वारा थाना मुरार के अपराध कमांक 711/23 धारा 457,380 भादवि के संबंध में पूछताछ की गई तो उसके द्वारा अपने पति व उसके दोस्त के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा पकड़ी गई महिला आरोपी के घर से चोरी गये मशरूका एक एलईडी टीव्ही जब्त की गई और महिला आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।महिला आरोपी से अपराध कमांक 970/23 धारा 457,380 भादवि में पूछताछ कर मेमो लिया बाद मुताबिक मेमो महिला आरोपी से एक इण्डेन का घरेलू गैस सिलेण्डर एक एलजी कंपनी की एलईडी टीव्ही जब्त की गई। चोरी के अन्य मशरूका के संबंध में उसने बताया कि वह उसके पति के पास है। पुलिस द्वारा पकड़ी गई महिला आरोपी के पति की तलाश की जा रही है।बरामद माल मशरूका– एक पैनासोकि कंपनी का टेबलेट, एक वन प्लस कंपनी की 43 इंच एलईडी टीव्ही, एक एलजी कंपनी की एलईडी टीव्ही, एक ल्यूमिनियस कंपनी का इंनवर्टर, एक ल्यूमिनियस कंपनी का बैटरा, एक इण्डेन कंपनी का गैस सिलेण्डर, एक आईबीएफ कंपनी की वाशिंग मशीन, कुल कीमती मशरूका करीबन एक लाख रूपये का बरामद किया गया।

**सराहनीय भूमिकाः** थाना प्रभारी मुरार निरी0 मदन मोहन मालवीय, उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह सिसोदिया, रविंद्र सिंह कुशवाहा, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार शर्मा, प्रधान आरक्षक जगजीत सिंह गिल, भान सिंह लोधी, महिला प्रधान आरक्षक अर्चना कंसाना, प्रधान रक्षक हरवीर सिंह, कप्तान सिंह गोयल आरक्षक जय हिंद जादौन, संजय गुर्जर, नीरज यादव, योगेंद्र सिंह गुर्जर, योगेंद्र सिंह सिकरवार, पंकज तोमर, राजेश परिहार, जसवीर सिंह, हरिशंकर शर्मा, अनिल व्यास, राजू मोगिया, अनिल मवई, राजवीर गुर्जर, जितेंद्र शर्मा, शैलेंद्र गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# दक्षिण भारत में पेड़ पौधे के प्रति रुझान अच्छा : सीरवी

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू।** पर्यावरण प्रेमी गोविंद सीरवी इन दिनों दक्षिण भारत दौरे पर है। सीरवी शनिवार को कर्नाटक के तुमकूरु जिले में पहुंचे जहा पर कृषि संबंधित खेती के बारे में बारीकी से जानकारी ली गोविंद सीरवी राजस्थान में पर्यावरण के क्षेत्र में दो लाख से ज्यादा पौधे लगा चुके है। और साथ ही शुष्क राजस्थान में नदिया से नदिया जोड़ने के लिए एक बड़ा अभियान भी चला रहे हैं। जिससे राजस्थान का किसान एक समृद्ध शील किसान बन सके इस मौके पर गोविंद सीरवी ने खेतो में जाकर वहा के किसानों से सुपारी के पौधे ,नारियल, अ मरूद,



आम,सागवान ,केले, सहित अन्य पेड़ पौधे के पौधे लगाने से लेकर फल आने तक संबधित जानकारी जुटाई उन्होंने अलग अलग खेतो में लगे सुपारी के पौधे की खेती कैसे होती है उन्हे भी जाना इस मौके पर पर्यावरण प्रेमी गोविंद सीरवी ने पत्रकारों को बताया की दक्षिण भारत में ग्रीन बेल्ट भरपूर होने के बावजूद भी यहा के लोग पेड़ पौधे के लिए जागृति बहुत अच्छी है जिससे वो अपने घरों के बाहर ,सड़को के किनारे और खेतो में बड़ी मात्रा में पोधे लगाते हैं जिनसे उन्हें आय के साथ पर्यावरण के क्षेत्र को भी शुद्ध रखता है और हरियाली होने से बारिश में भी बढ़ोतरी होती है। में दक्षिण भारत के लोगो को मै प्रणाम करता हु क्योंकी पर्यावरण का संतुलन बनाने में उनका बहुत बड़ा रोल है

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर श्री श्याम बस को किया रवाना





अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**उरई-** उत्तरप्रदेश के उरई में भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित व,व्रक्षह राजेश वर्मा ने हरी उरई में श्री श्याम बस सर्विस के ऑफिस पहुंचकर बस को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया।श्री श्याम बस सर्विस के मालिक संजय सिंह गुर्जर ने बताया कि अब उरई,जालौन व कोंच के लोगो को दिल्ली आने जाने के लिए परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा।उन्होंने अपनी बताय कि श्री श्याम बस सर्विस की सेवाएं लोगो को उरई,जालौन व कोंच से मिलेगी।जिसमे लगेज पार्सल की भी डेली सुविधा मिलेगी।उन्होंने बताया कि इस स्लीपर लग्जरी बस में लोगो को यात्रा करने में बड़ा ही आराम मिलेगा।इस दौरान संजय सिंह गुर्जर ने भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित को राम दरबार भेंट किया।इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री राव साहब गुर्जर समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# जच्चा-बच्चा स्वस्थता कांफ्रेंस सम्पन्न,राष्ट्रीय स्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण टिप्स






**सीहोर।** रविवार को स्थानीय क्रिसेंट रिसोर्ट के लीजा हॉल में मेंटर्नल फीटल मेडिसिन की कांफ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें 9 विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस मौके पर गेस्टो एन्ट्रोलोजिस्ट विशेषज्ञ डॉ. पियूष मनोरिया द्वारा हेपिटाईटिस बी की बीमारी से कैसे बचा जा सकता है के बारे में बताया गया। एंडो क्रायानोलोजिस्ट डॉ. मयूर अग्रवाल द्वारा बताया गया कि बच्चों व माँ को शुगर की बीमारी से कैसे बचाया जा सकता है। नियूरोलोजिस्ट डॉ. नीरेन्द्र राय ने बताया कि मिरगी के दौरे के दौरान गर्भ अवस्था में कैसे इलाज किया जा सकता है। गेस्टो इंट्रोलिस्ट डॉ. सी. सी.चोबल ने बताया कि लीवर की बीमारी में कैसे इलाज किया जाता है। डॉ. सुमित भटनागर कांडियोलोजिस्ट द्वारा बताया गया कि हृदय की बीमारी में गर्भावस्था में कैसे इलाज किया जा सकता है। विभिन्न बमारियों का जच्चा-बच्चा के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। इस पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर जिले भर से लगभग 100 डॉक्टर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुदेश राय एवं जिलाधीश प्रवीण सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस आयोजन में जिलाधीश प्रवीण सिंह द्वारा डॉ. एल.एन. नामदेव, सीहोर नाक,कान गला विशेषज्ञ, डॉ. आर.सी. विश्वकर्मा सर्जन भेरूंदा, डॉ. जी.डी. सोनी अस्थी रोग विशेषज्ञ को शील्ड भेंट कर सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर विधायक सुदेश राय द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से डॉक्टरों को नई जानकारियाँ मिलती है।जिलाधीश प्रवीण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुगल पर ध्यान ना देकर मरीज को डॉक्टर की सलाह मानना चाहिये। डॉक्टरों को भी दुरस्त क्षेत्रों में जाकर काउन्सलिंग कर मरीज के डर को दूर करना चाहिये। स्वागत भाषण चैयरमेन डॉ. हीरा दलोद्रिया द्वारा दिया गया व आभार ऑर्गनाईजिंग सेकेटरी डॉ. आर.के. वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया, पूर्व सिविल सर्जन डॉ.भरत आर्य, सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता, डॉ. व्ही.के. चतुर्वेदी, डॉ. विवेक सक्सेना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आशीष पटेल का भी विशेष सहयोग रहा।

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

## विभागों ने स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को किया लाभान्वित

## नि :षुल्क सिकलसेल एनिमिया और शुगर बीपी की हुई जांच

आज 17 दिसंबर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत कसरावद के ग्राम पीपलगोन से हुई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया गया। नागरिकों को केंद्र सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी देने और इन योजनाओं से जिलेवासियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हो गई है। आज 17 दिसंबर रविवार को जिले के 22 ग्रामों में कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को प्रचार-प्रसार वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार की 17 से अधिक विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। वही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कसरावद जनपद के ग्राम डोंगरगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा और कसरावद एसडीएम श्री अग्रिम कुमार भी पहुंचे। कार्यक्रम के



दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर अतिथियों ने विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन भी किया गया। वहीं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए ड्रोन का प्रदर्शन कर नागरिकों को दिखाया गया। साथ ही विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को मौके पर ही केसीसी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेशन, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं पीएम स्वनिधि योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप, टीबी, सिकल सेल एनीमिया जांच और शु?

## राजपुरा में अखिल भारतीय सिर्वी महासभा कि बदलाव पर चर्चा कि बैठक संपन्न

# 11 बंधुओ ने 12100 रूपए की राशि शिक्षा सहायता कोष में दान कर बदलाव पर चर्चा की

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**राजपुरा** /राजगढ अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्यप्रदेश के तत्वावधान में प्रांतीय अध्यक्ष सिर्वी सी.ए. भगवान लछेटा, महासचिव सिर्वी कांतिलाल गेहलोत, प्रांतीय कृषि सचिव सिर्वी जगदीश राठौर चालनी तहसिल अध्यक्ष सिर्वी कमलेशजी बरफा पिपरनी , सिर्वी गोवर्धन आगलेचा, सिर्वी मोहनलाल चौधरी के सानिध्य में सामाजिक स्तर पर समयानुसार आवश्यक बदलाव पर चर्चा की बैठक राजपुरा में सम्पन्न हुई , 16 दिसम्बर 2023 को शाम 7 बजे प्रारंभ हुई , जिसमें



सामाजिक बन्धुओं एवं युवाओं ने भाग लिया। बैठक में बदलाव पर चर्चा के बिन्दुओं पर समयानुसार आवश्यक बदलाव पर चर्चा की गई। समाजजनों की और से भी नये सुझाव प्रस्तुत किये गये जो अनुकरणीय है। बैठक में प्रान्तीय शिक्षा एवं सहायता कोष कि चर्चा से प्रभावित होकर गांव के 11 बंधुओं ने क्रमश- 1100 रूपये कि राशी दान की गई। बैठक में सिर्वी जगदीश कोटवाल , सिर्वी रमेशजी पटेल, सिर्वी शोभाराम चौधरी , सिर्वी गेंदलाल आग्लेचा, सिर्वी धीरज भायल, सिर्वी दीपक पटेल, सिर्वी मुकेश हम्मड, सिर्वी संजय हम्मड सहित बडी संख्या में समाजी बन्धु मौजूद थे। ये जानकारी सिर्वी रोहित कुमार काग द्वारा दी गई।

# गोहद के चमहेड़ी में लगा निशुल्क नेत्र दंत परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आधा सैकड़ा मरीजों का हुआ उपचार

## एक दर्जन ग्रामों के मरीजों को शिविर में मिला उपचार

गोहद विकासखंड के ग्राम पंचायत चमहेड़ी में सेवार्थ पाठशाला एवं श्री सत्यसाई सेवा समिति के तत्वाधान में गोहद कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय रूप सिंह राणा की 38 वीं पुण्यतिथि पर रतन ज्योति नेत्रालय के सहयोग से निशुल्क नेत्र दंत परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन गांव के हनुमान जी मंदिर प्रांगण में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की वंदना के बाद वृक्षारोपण कर किया। निशुल्क शिविर में परीक्षण उपरांत चयनित मरीजों का मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण आपरेशन बिना टांका पद्धति द्वारा ग्वालियर में किए जाने हेतु मरीजों को चिन्हित किया जिनका ऑपरेशन सोमवार को ग्वालियर अस्पताल में निशुल्क होगा नेत्र दंत परीक्षण एवं मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण आपरेशन हेतु मरीज



को लाने ले जाने एवं खाना की व्यवस्था एवं चश्मा दवाइयां निशुल्क प्रदान की जाएगी शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमिला गुर्जर रतनज्योति चिकित्सालय से आए डॉक्टरो ने एक सैकड़ा से अधिक मरीज का नेत्र परीक्षण कर उपचार किया आधा सैकड़ा मरीजों का ऑपरेशन ग्वालियर चिकित्सालय में होगा। जिसके लिए उन्हें चिन्हित किया गया है। गांव में नेत्र शिविर आयोजित करने वाले दिलीप सिंह राणा ने कहा कि प्रतिवर्ष गांव में 10वीं 12वीं कक्षा में प्रथम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को 11हजार रुपए सहयोग राशि प्रदान होगी इसके साथ ही पूरे गांव में सौर ऊर्जा से स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। जिससे कि गांव में प्रकाश बना रहता है। समाज के लोगों को सामाजिक कार्यों में सहभागिता बनाए रखना चाहिए इस अवसर पर कार्यक्रम में सेवार्थ पाठशाला के संयोजक ओ. पी. दीक्षित सुरेंद्र मिश्रा प्रचारक मलखान शर्मा डॉ नितेश शर्मा रवि भारद्वाज मनोज पांडे मोहनलाल अहिरवार विनोद भदोरिया जे.पी अग्रवाल जगदीश शर्मा सचिन कांकर पटेल तोमर दिलीप सिंह राणा धर्मेंद्र राणा राजू राणा रविंद्र राणा जगदीश कुशवाहा मोनू राणा विक्रम सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे हैं।

## पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता के लिए विधायक शर्मा ने ली प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

# प्राचीन जल संरचना को जीवित कर समयपूर्व समुचित प्रबंध करने के अधिकारियों को दिये निर्देश

सिरोंजअभिषेक कुशवाह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना से विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा बैठक के साथ सिरोंज विकास खंड के शासकीय निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक विधायक उमाकांत शर्मा ने रविवार शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की। बंद कमरे में हुई बैठक में जनपद सीईओ के देरी से आने पर उन्हें बैठक में प्रवेश से वंचित रखा। उन्होंने बाहर से ही बैठक की कार्यवाही को सुना। बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के गौरवशाली प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी तथा भाजपा सरकार की मंशानुरूप एवं रीतिनीति अनुसार सौ प्रतिशत भ्रस्टाचार रहित पारदर्शी ढंग से जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने तथा प्रस्तावित विकास एवं निर्माण कार्यों को समय सीमा में तीव्रगति,गुणवत्तापूर्ण रूप से करवाए जाने की बात कही। अल्पवर्षा के कारण सिरोंज नगर में भयावह पेयजल संकट की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने बैठक में नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू को नगर के जलप्रदाय संयंत्र में जल संग्रहण की क्षमता बढ़ाने और केथन बांध में बने इंटेकवेल कुएं तक पानी की एप्रोच करने के लिए तत्परतापूर्वक समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। ग्रीष्मकालीन समय में शहर के नागरिको को पेयजल को लेकर दिक्कत नही आए इस हेतु शहर के सभी संभावित वैकल्पिक जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनकी साफ सफाई दुरस्त करवाकर मशीनरी सहित तैयार रखने के निर्देश प्रदान किए तथा एसडीएम के नेतृत्व में पीएचई, राजस्व,सिंचाई तथा अन्य विशेषज्ञों की टीम बनाकर अप्रैल,मई, जून के ग्रीष्मकालीन समय को ध्यान रखते हुए आगामी पाँच दिवस में सम्पूर्ण कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जल के उचित राय लेकर योजना को मूर्त रूप दिए जाने की बात कही।

**तत्काल शुरू हो निर्माण कार्य-** बैठक



विशेषज्ञों,जानकारों मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन विभाग व अन्य संबंधित विभागों से में उन्होंने नगरीय सीमा में प्रस्तावित स्वीकृत निर्माण कार्यों में ठेकेदारों द्वारा की जा रही लेट लतीफी को आ? हाथों हुए लेते हुए कहां तत्काल तीन दिवस में चिन्हित कर अधूरे कार्यो को पूर्ण एवं जो प्रारम्भ नही हुए है उनको शुरू करवा कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्माण कार्यों में ढिलाई बरतने वाले व घटिया निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर ब्लैकलिस्टेड व जरूरत प?ने पर एफआईआर करवाने की भी बात कही।

**ग्रामीण नलजल संरचना की गुणवत्ता की भी जाँच-**बैठक में विधायक शर्मा ने पीएचई,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के एसडीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सिरोंज विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जो नलजल संरचनाएँ पूर्ण हो चुकी है उनका ठीक से नागरिकगण के हित मे उपयोग हो पा रहा है कि नही अथवा जो नलजल योजना अभी अपूर्ण है उनको ग्रीष्मकालीन समय तक पूर्ण किया जावे ताकि ग्रामीण क्षेत्र के नागरिको को पेयजल के लिए परेशानी न होना प?। उन्होंने कहा कि आमजन की ओर से नलजल योजना के क्रियान्वयन व गुणवत्तापूर्ण निर्माण की शिकायतें प्राप्त हो रही है। उन्होंने एसडीएम हर्षल चौधरी को निर्देशित करते हुए,राजस्व विभाग के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग,पीएचई,आरईएस के सब डिविजनो की टीम बनाकर पूर्ण एवं अधूरी नलजल संरचनाओं की जाँच करवाकर गुणवत्ता को देखने की बात कही साथ ही लापरवाही बरतने वालों पर क?ी नियमानुसार कार्यवाही करवाने की बात कहीबैठक में हर्षल चौधरी, एसडीओ पीडब्लूडी एसडीओ अरविंद पाठक,प्रभारी सीएमओ रामप्रकाश साहू, पीएचई एसडीओ जेएस सिरोही,सिंचाई विभाग के एसडीओ जयेश विजयवर्गीय,तहसीलदार संजय चौरसिया,जनपद सीईओ वंदना पाठक सहित प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौ सेवक एवं हिंदू संगठनों के सहयोग से गौ तस्करी में पकड़े तीन बड़े ट्रक

**मुरैना।** गौ सेवकों एवं हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर धौलपुर रोड हाईवे पर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन कंटेनर ट्रक गौ तस्करी में बरामद हुए हैं जिन्हें सिविल लाइन थाना मुरैना में राजसात की कार्रवाई हेतु जप्त कराया गया है एवं उन ट्रकों में एक मृत गोवंश भी पाया गया है बकाया मौके से भाग गए। साथ ही उसमें कंटेनरों के अंदर खून के निशान एवं कुछ अत्तिजनक वस्तुएं पाई गई है जो गौतस्करी में



इस्तेमाल होती हैं गौ सेवकों द्वारा ऐसी आशंका जताई जा रही है कि यह एक बहुत बड़ा इंटरनेशन गौ तस्करी गैंग हो सकता है इसमें शंभू बंजारा एवं सुल्तान बंजारा के नाम आने की आशंका है जिनमें पूर्व में भी कई पुलिस केस गौ तस्करी के अलग-अलग राज्यों में दर्ज हैं इसके अलावा एक और बड़ा ट्रक धौलपुर थाने में गौ सेवकों का पकड़वाकर जप्त कराया है जिसमें दो तस्कर भी धौलपुर थाने में गिरफ्तार किए है साथ में धौलपुर पुलिस ने उनसे जो मोबाइल जमा किए है यदि उनकी संघन जांच हो जाए तो उसमे कई बड़े नाम तस्करी म

# विजय दिवस पर तिरंगा फहराने से एसडीएम अरविंद महौर ने किया मना

*अम्बाह । अमर शहीद सम्मान सेवा संघ द्वारा आज दिनांक 16/12/23 को कै. वीरनारायण पार्क अम्बाह में सन् 1971 के पाकिस्तान-भारत युद्ध में हमारी जीत को विजय दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों, सैनिकों के बुजुर्ग पिताओं एवं भूतपूर्व सैनिकों, ह्रष्ट्ट,ह्रस्स् व कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं*



*ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । इसमें उन्होंने एक किलोमीटरलंबी तिरंगा यात्रा निकाली। इस कार्यक्रम में अमर शहीद सम्मान सेवा संघ द्वारा संघ से जुड़े सभी संगठनों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने थे जिन पर एसडीएम अरविंद माहौर एवं साहब के डिजिटल हस्ताक्षर थे तथा ध्वजारोहण करने के लिए स्ष्ठरूसाहब ने मुख्य अतिथि का आमंत्रण स्वीकार किया था। संघ के पदाधिकारी जब स्ष्ठरूअरविंद माहौर को एवं ष्ह्रस्स्ह्र को कार्यक्रम में तो सम्मिलित होने एवं ध्वजारोहण करने के लिए उनके आवास पर संपर्क किया तो भृत्तृय ने बताया कि साहब सो रहे हैं। तभी साहब अंदर से बोले की में तिरंगा फहराने नहीं जाऊँगा। एवं ष्ह्रस्स्ह्र साहब ने अपना फ़ोन बंद*

# नम्रता बाजपेई ने सपना किया पूरा वायुसेना मे प्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन

बिसवां सीतापुर -दी सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री मे कार्यरत आशीष बाजपेई की बेटी ने अपने बचपन मे देखे गये सपने को वायुसेना मे प्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन कर पूरा किया।नगर के मोहल्ला अमर नगर की नम्रता बाजपेई का सलेक्शन का सपना था कि वो वायुसेना मे जाकर देश की सेवा करे।नम्रता बाजपेई के पिता जहाँ शुगर फैक्ट्री मे कार्यरत है वाही मां दिब्यां बाजपेई परिषदीय विद्यालय मे शिक्षिका है। नम्रता के



माता पिता ने बेटी के द्वारा देखे गये सपने को पूरा करने के किये हर संभव प्रयास किया। नम्रता को भारत मे सतरहवी रैंक मिली है।स्कूल शिक्षा रिजेंसी स्कूल सीतापुर मे हुई शेष शिक्षा दिल्ली विश्वाविद्यालय से प्राप्त की ।नगर की बेटी नम्रता बाजपेई का भारतीय वायुसेना मे प्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर सांसद राजेश वर्मा, विधायक निर्मल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसावल, पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव, अजित मेहरोत्रा,पूर्व अध्यक्ष नपा सीमा जैन,राजू जैन,वीरेश मिश्रा,दिनेश चंद्र पाण्डेय,संदीप मिश्र,पवन कुमार मिश्रा,आंनद कुमार मिश्रा आदि ने बधाई देते हुए

# थाना करैरा में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिया गया

धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित समय एवं डेसीबल में ही उपयोग किया जाए डी जे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध




**खुले में अंडा-मास के बिक्रय पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध-** करैरा- आज थाना करैरा पर शांति समिति की मिटिंग में सर्बसम्मति से निर्णय लिया गया कि धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर,आदि का निर्धारित समय एवं डेसीबल में उपयोग किया जाए। एस डी एम करैरा ने बैठक में शासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में जारी निर्देशों के संबंध में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ जबलपुर द्वारा ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के कड़ाई से अनुपालन कराने तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न धार्मिक स्थलों पर निर्धारित डेसिबल ध्वनि का उल्लंघन करते हुए लाउडस्पीकर का उपयोग किए जाने

# बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने की नव नियुक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात

बैरसिया।। भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के बाद मुख्यमंत्री नियुक्त होने पर डॉ मोहन यादव से बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नियुक्त होने पर डॉ मोहन यादव को शुभकामनाएं प्रेषित की। विधायक विष्णु खत्री ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से बैरसिया क्षेत्र के विकास को रफ्तार देने के उद्देश्य से विकास के मुद्दों पर भी चर्चा की।गौरतलब है कि बैरसिया में 10 वर्षों में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। इसके अलावा हमारी केंद्र



और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में लगभग सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ मिला है। इसके बाद भी जो लोग छूट गए है। उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। क्षेत्र में अब रोजगार की दिशा में काम करने की ओर बैरसिया अग्रसर है। इसमें आचारपुरा के अलावा पातलपुर पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की दिशा में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसमें शीघ्र ही उद्योग के लिए भूखंड आवंटन की कार्यवाही

# सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा निकाला गया पथ संचलन




नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा ढ़ाका विजय दिवस के स्मरण में नगर के सभी मुख्य मार्गों से घोष वादन करते हुए पथ संचलन निकाला गया. घोष वाहिनी द्वारा विविध प्रकार की रचनाएं बजाते हुए पथ संचलन विद्यालय से प्रारंभ होकर विजय स्तंभ पर राष्ट्गान के साथ समापन किया गया. इस अवसर पर पथ संचलन में संचालन समिति के सभी पदाधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा

# मुरैना पुलिस द्वारा अपराधियों पर तत्परता से की गई कार्यवाही - पुलिस अधीक्षक

**मुरैना ।** विगत दिवस मुरैना जिले के थाना महुआ क्षेत्रान्तर्गत दलित की मारपीट की घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। वीडियो वायरल की पुलिस प्रशासन को जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने वीडियो का अवलोकन करने के उपरांत तत्काल थाना महुआ के एसआई को अपराधियों पर तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 13 दिसंबर 2023 को शाम पुलिस थाना महुआ ने विवेचना में पाया कि विवेक शर्मा और व



उसके साथी पुरानी रंजिश पर गौहट्टी वाले तालाब ग्राम कसम?ा से अभिषेक सखवार, संजय सखवार, पंकज किरार व रोहित सखवार को जबरदस्ती अपनी स्कोर्पियो गाड़ी में बैठा कर ले गये। घटना के संबंध में थाना प्रभारी महुआ पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपियों की घेराबंदी की, जिस पर आरोपीगण सभी लोगों को रानपुर चौराहा पर छो?कर भाग गये। तब पुलिस द्वारा पी?तो को पुलिस थाना लेकर आये। चारों से बारीकी से पूछताछ कर फरियादी अभिषेक के बताये अनुसार थाना महुआ पर अपराध क्रमांक - 170/23 धारा 363, 294, 323, 506, 34 भादवि व एस.सी./एस.टी. एक्ट की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध). 3(2)(अं) के अंतर्गत पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण को गम्भीरता लेकर तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। 14 दिसंबर को आरोपी विवेक शर्मा, विशाल शर्मा, पबन खुरासिया, जीतू गुधेनिया निवासीगण अम्बाह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा मानस भवन में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

## प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ



**शिवपुरी,** / प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन से कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां शिवपुरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष राजू बाथम, करैरा विधायक रमेश खटीक, विधायक कोलारस महेंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगरपालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी, मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी, केपी परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ प्रदान करना हैं इसके लिए ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में शिविर लगाए जायेंगे।

**वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**-योजनाओं का प्रचार प्रसार और प्रधानमंत्री के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आईसी प्रचार रथ भेजे गए हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# भारतीय रिजर्व बैंक की परियोजना वित्तीय साक्षरता केंद्र के द्वारा ग्यासीपुरा में लगा कैंप दी बैंकिंग फ्रॉड के बारे में जानकारिया

अम्बाह । भारतीय रिजर्व बैंक की परियोजना मनीवाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र जोकि अपराजिता महिला संघ, नाबार्ड एवं सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, के द्वारा संचालित एक रिज़र्व बैंक की एक संस्थान है जो कि प्रत्येक गांव गांव जाकर शिविरो के माध्यम से शिविर लगाकर ग्रामीण जनों को पेसो के डिजीटल लेनदेन के नए तरीकों के बारे में कैंपन चलाया जा रहा है ,मनीवाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र के माध्यम से लोगों को वित्तीय से संबंधित समस्त जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचा रही है, ग्रामीणों में जानकारी का अभाव है और इसलिए रिजर्व बैंक के द्वारा मध्यप्रदेश के जिला मुरैना में यह कार्यक्रम शिविरो के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक के अंतर्गत ब्लॉक कॉर्डिनेटरो के द्वारा चलाया जा रहा है,अब यह ज़मीनी स्तर पर इस जानकारी का लोगों पर काफी प्रभाव पड़ रहा है, मगर वित्तीय समावेशन के संबध में विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामिणजनो को प्रधान की जाती है, वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं जिसमें बैंक की दैनिक जीवन में महत्वता नियमित बचत के लाभ ॠण के बारे में बैंकों के विभिन्न ॠण एवं बचत के बारे में शासन की सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना एवं जीवन बीमा योजनाओं, ई के.वाय.सी, केसे होती है, खाता



खोलने और इससे केसे बचा जाए, बैंकिंग फ्रॉड, साईबर फ्रॉड, इत्यादि से बचने के उपाय के बारे में विस्तार से समझाया गया। वित्तीय समावेशन में आरबीआई की महत्वपूर्ण भूमिका है और बैंक से ग्राहक के संबंध बनाने के नए तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नाबार्ड से डी.डी.एम.आशीष श्रीवास्तव जी एवं आई.ई.आर.एम. के प्रतिनिधि विकास शर्मा जी उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता में मुख्य भूमिका में रहे अम्बाह से सीएफएल इंचार्ज एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर पवनकिरार जी उपस्थित रहे।

**श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की निर्मम हत्या के विरोध में बन्द रहा सबलगढ़**

# समस्त समाजों ने अपने प्रतिष्ठान बंद करके जताया विरोध और जल्द मांगे पूरी करने का आह्वान किया पुलिस रही चाक चौबंद

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेवसिंह गोगामेढ़ी की गोली मारकर निर्मम हत्या होने के विरोध में सबलग? के लोगों में आक्रोश नजर आया। इस हत्याकांड को लेकर सर्व समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया, और शहर की समस्त व्यापारीयो ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें, साथ में शहर के समस्त स्कूल कॉलेज कोचिंग बंद रहा के सर्व समाज द्वारा सबलग? के मुख्य बाजार होते हुए एमएस रोड, बस स्टैंड होते हुए संतरे नम्बर 1,2,3,4,5, होते हुए सबलग? हॉस्पिटल तक निकली रैली निकालकर घटना पर विरोध जताया गया एवं हत्यारो की तुरंत गिरफ्तारी कर फांसी की मांग की गई। करणी सेना के सदस्यों ने कहा कि पुलिस को पता था फिर भी सुरक्षा नहीं दी गई। अगर अगले 3 दिन में शेष आरोपियों की गिरफ़्तारी नहीं होती, और इन अपराधियों के पीछे जिन भी बड़ी गैंग का हाथ है उनकी ह्न्ढ्ढ के द्वारा जांच नहीं होती है तो सरकार के खि़लाफ़ बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया



जाएगा, जिसकी जिम्मेदार सरकार खुद होगीज्ञात हो जेएनयू में जब नारे लगे थे के ÷बनिया ब्राह्मण भारत छोड़ो÷ तो सर्वप्रथम श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी जी के द्वारा ही की गई थी उन्होंने खुले मंच से कहा था कि आपको बनिया ब्राह्मण को हाथ लगाने से पहले क्षत्रिय की तलवार से होकर गुजरना पड़ेगा और इसके बाद गोगामेडी जी की पहचान संपूर्ण भारत में एक हिंदुत्व वादी शेर के रूप में की जाने लगी थी, इसलिए उनके निर्मल हत्या पर समस्त समाजों में बेहद रोस है आंदोलनकारी में बढ़ते रोस को ध्यान में रखते हुए जो 11 सूत्रीय मांग थी उनको लिखित में मान लिया गया, इसलिए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा समूर्ण नगर के कारोबारी दुकानदार एवं स्कूल संचालक बंधुओ का आभार व्यक्त करते बंद को स्थगित करने का ऐलान किया, संपूर्ण बंद शांतिपूर्ण एवं अनुशासित रहा जिसकी प्रशंसा संपूर्ण नगर वासियों ने की

संपादकीय

# समझौते की सार्थकता

विश्वव्यापी जलवायु संकट के बीच दुबई में आयोजित जलवायु परिवर्तन केंद्रित सीओपी–28 में भले ही कोई क्रांतिकारी फैसला ग्लोबल वार्मिंग तापमान को नियंत्रण के बाबत न लिया जा सका हो, लेकिन दुनिया के लगभग दो सौ देश जीवाश्म ईंधन, मसलन कोयले, तेल और गैस का इस्तेमाल धीरे–धीरे खत्म करने पर जरूर राजी हुए हैं। हालांकि, अभी भी तमाम विकासशील देशों में कई तरह की चिंताएं हैं कि समझौते के व्यापक प्रावधान क्या होंगे और उनकी आर्थिक विकास में आने वाली बाधाओं का मुकाबला कैसे होगा। लेकिन इसके बावजूद सम्मेलन में किसी मुद्दे पर सहमति बनना एक उम्मीद जरूर जगाती है। कुछ देश उम्मीद लगाए बैठे थे कि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को खत्म करने के लिए किसी समयबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा तय होगी। वे इस बदलाव की राह में आगे बढ़ाने के वायदे से संतुष्ट नजर नहीं आए। विडंबना यह है कि संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित इस जलवायु सम्मेलन में जीवाश्म ईंधन को खत्म करने का विरोध ओपेक देशों के सदस्य ही कर रहे थे। वैसे भी जीवाश्म ईंधन से अर्थव्यवस्था व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति चलाने वाले देशों से ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती। इसके विपरीत तेल उत्पादक देश कार्बन जमा करने की तकनीकों को बढ़ावा देने पर बल देते रहे। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी उम्मीद थी कि दुनिया के संपन्न देश जीवाश्म ईंधन समाप्त करने के वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व करें, लेकिन वैसा होता नजर नहीं आया। इसकी वजह यह थी कि ताकतवर राष्ट्रों ने दुनिया के प्राकृतिक संसाधनों का जमकर दोहन करके अपना औद्योगिकीकरण किया। निस्संदेह, उसकी ग्लोबल वार्मिंग में बड़ी भूमिका रही है। जब विकासशील देशों के विकास ने गति पकड़ी तो उन्हें पर्यावरण संकट पर जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने से रोका जाने लगा। ऐसे समय पर जब पश्चिमी देश पहले ही अपने जीवाश्म ईंधन का अधिकतम उपयोग कर चुके हैं, विकासशील देशों के साथ बाध्यकारी शर्तें अन्यायपूर्ण ही कही जाएंगी। दरअसल, इस समस्या का एक पहलू यह भी है कि क्षतिपूर्ति के तौर पर विकसित देश विकासशील देशों को पर्याप्त वित्तीय सहायता देने को राजी नहीं हुए हैं। तीसरी दुनिया के देश जीवाश्म ईंधन के विकल्प में जिस नवीकरणीय ऊर्जा का प्रयोग करेंगे, उसके संबल को दी जाने वाली रकम बेहद कम है। इसके लिये सत्तर करोड़ डॉलर का फंड नाकाफी है। निस्संदेह, जलवायु परिर्वतन के प्रभावों को कम करने की लड़ाई में दुनिया के गरीब मुल्कों को बड़ी पूंजी की जरूरत होगी। कहा जा सकता है कि दुबई में संपन्न पर्यावरण सम्मेलन उन लक्ष्यों तक नहीं पहुंचा है, जहां तक पहुंचने की उम्मीद लगाई गई थी। सम्मेलन की सफलता इस बात पर निर्भर करती कि विकासशील व गरीब मुल्कों को नवीकरणीय ऊर्जा के प्रतिस्थापन के लिये कितनी ठोस आर्थिक मदद का प्रावधान किया गया है। साथ ही उन देशों की मदद के लिये अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने कोई ठोस प्रयास नहीं किये जो ग्लोबल वार्मिंग के चरम का सामना करते हुए, भयावह आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। दुनिया के तमाम मुल्क बाढ़ व सूखे की त्रासदी झेल रहे हैं। जिनमें उत्तरी पूर्वी अफ्रीकी देशों की स्थिति ज्यादा ही खराब है। इनमें कई देश ऐसे हैं जो कई सालों से निरंतर सूखे की भयावह स्थितियों का सामना कर रहे हैं। दरअसल, हमारे दरवाजे पर दस्तक दे चुके ग्लोबल वार्मिंग संकट के मुकाबले के लिये विकसित देशों व दुनिया की वैज्ञानिक बिरादरी को ठोस प्रयास करने की जरूरत है, ताकि भूख व विस्थापन के संकट का मुकाबला किया जाए। दुनिया की खाद्य शृंखला को बचाने की भी सख्त जरूरत है। साथ ही उन सस्ती तकनीकों व उपकरणों की जरूरत गरीब मुल्कों को है जो 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग तीन गुना बढ़ाने में सहायक हों। साथ ही ग्लोबल वार्मिंग में बड़ी भूमिका निभाने वाली मीथेन गैस का उत्सर्जन कम करना भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यह सुखद है कि तीन दर्जन से अधिक गैस–तेल उत्पादक कंपनियां मीथेन उत्सर्जन कम करने पर सहमत हुई हैं। साथ ही मानवता की रक्षा के लिये ग्लोबल वार्मिंग प्रभाव से बढ़ने वाली बीमारियों पर नियंत्रण व प्रभावित देशों की मदद की भी जरूरत है।

# कॉप 28 ने भले ही टकराव को टाल दिया, पर संघर्ष के बिंदु अनसुलझे रहे

**के रवीन्द्रन**

*“नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार कॉप 28 ने अंतिम घोषणा के रूप में एक प्रस्तावित पाठ जारी किया है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई के हिस्से के रूप में देशों से जीवाश्म ईंधन से दूर जाने का आह्वान करेगा।”*

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कॉप 28 दुबई वैसे ही आगे बढ़ा है जैसी की उम्मीद थी। चूंकि सदस्य देश इस बात से जूझ रहे थे कि जीवाश्म ईंधन के सबसे संवेदनशील मुद्दे को कैसे औपचारिक रूप दिया जाए और उस पर कैसे ध्यान दिया जाए, इसलिए आम सहमति बनाने की कोशिश करने के लिए जलवायु शिखर सम्मेलन को निर्धारित सीमा से आगे बढ़ाना पड़ा। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार कॉप 28 ने अंतिम घोषणा के रूप में एक प्रस्तावित पाठ जारी किया है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई के हिस्से के रूप में देशों से जीवाश्म ईंधन से दूर जाने का आह्वान करेगा। यह कुछ सबसे मुखर राज्यों की सफलता का प्रतीक है जिन्होंने जीवाश्म युग को समाप्त करने के संकल्प को इंगित करने के लिए मजबूत भाषा पर जोर दिया, एक ऐसा लक्ष्य जिसका तेल और कोयला उत्पादक देशों, विशेष रूप से सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात द्वारा जोरदार विरोध किया जा रहा था। यह टकराव शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता में ही अंतर्निहित था, उस कुर्सी पर आबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) के सीईओ बैठे थे। शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष सुल्तान अल जबेर की एक टिप्पणी श्कोई विज्ञान नहीं हैश जो यह दर्शाता है कि वैश्विक तापन को 1.5 एष्ट तक सीमित करने के लिए जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की आवश्यकता है, जिससे भौंहें तन गईं। वह इस हद तक दावा करने लगे कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करना टिकाऊ नहीं होगा। दरअसल, मुख्य शिखर सम्मेलन से इतर एक महिला–उन्मुख कार्यक्रम में उनके और प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई, जहां उन्होंने कहा कि उंगली उठाने का कोई मतलब नहीं है। ओपेक सदस्य उत्सर्जन को पकड़ने और संग्रहीत करने की प्रौद्योगिकियों के माध्यम से जीवाश्म ईंधन के बजाय उत्सर्जन को लक्षित करने के विचार को बढ़ावा दे रहे हैं। लेकिन समस्या यह है कि कार्बन कैप्चर करना अत्यधिक महंगा है जिससे ध्यान वित्तीय संसाधनों पर केंद्रित हो जाता है। इसका मतलब होगा घोषणा की भाषा में फेज आउट को फेज डाउन से बदलना। लेकिन अधिकांश देशों ने चरणबद्ध तरीके से इसे खत्म करना पसंद किया। भारत ने कथित तौर पर कोयले को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से संबंधित मुद्दों को उठाया, जिसके बारे में उसने कहा कि यह निकट भविष्य में किसी भी समय संभव नहीं होगा। नई दिल्ली चाहती थी कि चरणबद्ध तरीके से अलग–अलग लक्ष्य निर्धारित किये जायें। विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए अधिक समय और वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है क्योंकि ऐसे लक्ष्यों और विकासशील देशों के लोगों की आकांक्षाओं के बीच संघर्ष होता है, जो कार्बन पदचिह्न में योगदान देता है। वैश्विक स्तर पर कोयला पिछले 30 वर्षों से बिजली क्षेत्र पर हावी रहा है, और रिस्टैड एनर्जी के अनुसार 2024 में ईंधन की गिरावट की शुरुआत होगी क्योंकि सौर और पवन उत्पादन की लोकप्रियता बढ़ेगी। नवीकरणीय ऊर्जा से नयी बिजली आपूर्ति से बिजली की मांग में अधिक इजाफा होने की उम्मीद है, जिससे अगले साल से कोयले का विस्थापन शुरू हो जायेगा और आने वाले वर्षों में इसमें बढ़ोतरी होगी। परिणामस्वरूप, कोयले से चलने वाली बिजली 2024 में मामूली रूप से गिरकर 10,332 टेरावाट घंटे (टीडब्ल्यूएच) रह जायेगी, जो 2023 से 41 टीडब्ल्यूएच कम है। यह समुद्र में एक सापेक्ष गिरावट है, लेकिन यह आने वाली चीजों का संकेत है क्योंकि नवीकरणीय ऊर्जा अपने विकास पथ को जारी रखे हुए है। सख्त उत्सर्जन नीतियों और किफायती प्राकृतिक गैस आपूर्ति की प्रचुर उपलब्धता के संयोजन के कारण हाल के वर्षों में यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कोयला क्षमता और समग्र उपयोग में निवेश में गिरावट आई है। फिर भी, एशिया, मुख्य रूप से चीन में स्थायी विकास, ने वैश्विक कोयला खपत को बढ़ाये रखा है। ऐसी स्थिति में कम कार्बन वाले बिजली स्रोतों के तेजी से विकास से कोयला धीरे–धीरे विस्थापित हो जायेगा, जिससे एक स्वच्छ, हल्की प्रणाली की शुरुआत होगी, जबकि एशिया में नयी क्षमता में निवेश अगले कुछ वर्षों में जारी रहेगा। प्रचुर कोयला भंडार और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए ऊर्जा आपूर्ति को शीघ्रता से बढ़ाने की आवश्यकता के कारण, एशिया दुनिया की तीन–चौथाई से अधिक कोयला बिजली उत्पादन के लिए जिम्मेदार है। क्षेत्र में कोयला उत्पादन क्षमता लगातार बढ़ रही है, लेकिन पर्यावरण संबंधी चिंताओं के बीच नयी परियोजनाओं की गति धीमी हो रही है।

# भारत के विकास के नए सोपान

**संजीव ठाकुर**

मैं किसी भी राजनीतिक पार्टी का कभी हिमायती नहीं रहा पर वर्तमान परिपेक्ष्य में जो विश्व में भारत की स्थिति बनी है उसे अनदेखा भी नहीं किया जा सकता है। भारत के प्रधानमंत्री एक अंतर्राष्ट्रीय सर्वे के अनुसार 76ः के साथ लोकप्रियता के शिखर पर हैं। विश्व के बाहुबली देश के बड़े–बड़े राष्ट्र प्रमुख जैसे जो बाइडेन, सी जिन पिंग, राष्ट्रपति पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कनाडा के जस्टिन टुद्रो इस लाइन में काफी पीछे हैं। भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाया हैस विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का ज्यादा रहा हैस भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा हैस इसमें दो मत नहीं कि इसमें वर्तमान एवं पूर्व के प्रधानमंत्रियों को भी बड़ा योगदान रहा हैस पिछले 9 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति मैं खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया हैस भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैस कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है।स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की हैस वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी हैस वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा हैस वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा हैस उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई हैस भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया हैस आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा हैस भारत में समय के अनुसार अपनी नीतियों तथा विकास के प्रति मानको में परिवर्तन कर निरंतर आर्थिक विकास की दर को प्राप्त करते हुए अधिकांश विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की हैस वास्तव में वर्तमान समय में भारत के ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिससे विश्व के सभी देश किसी न किसी रूप से जुड़कर प्रभावित भी हुए हैंस 1974 उल्लेखनीय रहा है क्योंकि भारत ने पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया इसका विरोध विश्व के तमाम विकसित देशों ने बहुत जोरदार ढंग से किया भारत को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा थास वर्ष 2008 में हमारे देश और अमेरिका रूस फ्रांस ब्रिटेन तथा चीन को छोड़कर पी5 के सभी सदस्य देशों के मध्य हुए असैन्य परमाणु समझौता से यह स्पष्ट हो गया था कि अब वैश्विक पटल पर भारत की अनदेखी नहीं की जा सकती हैस 2009 में भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यालय में राजकीय अतिथि के रूप में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री का स्वागत करके कहा कि भारत अब एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन चुका है। यह भारत के छठे परमाणु संपन्न राष्ट्र के तौर पर मिली औपचारिक मान्यता ही थीस भारत यात्रा पर आए बराक ओबामा ने कहा कि भारत अब उभरती हुई परमाणु शक्ति ही नहीं है, वह स्थापित परमाणु शक्ति बन चुका हैस भारत की जनसंख्या को देखते हुए भारत की क्रय शक्ति की क्षमता के मामले में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ–साथ सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा हैस भारत अब विश्व में एक महत्वपूर्ण वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित होने की ओर अग्रसर हैस भारत में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अत्यधिक ख्याति प्राप्त की है, जिससे अमेरिकी विश्लेषकों के मन में भय पैदा हो गया हैस भारतीय औद्योगिक घराने अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी कंपनियों को खरीद कर दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी समूह बन गए हैंस भारत लक्ष्मी मित्तल विश्व के सबसे बड़े स्टील उत्पादक है, मुकेश अंबानी का नाम विश्व के सर्वोच्च पांच धनी व्यक्तियों में लगातार प्रत्येक और शामिल होता रहा है। टाटा स्टील ने अपने आकार से लगभग 6 गुनी बड़ी कंपनी कोरस को भी खरीद लिया तो दूसरी तरफ टाटा मोटर्स ने विश्व प्रसिद्ध ब्रांड जगुआर लैंडरोवर को खरीद कर इसे इ.उ. की प्रतियोगिता में लाकर खड़ा कर दियास भारतीय मूल के विदेशी उद्योगपतियों ने भारत के बाहर रहकर भी भारत की प्रसिद्धि में वृद्धि की है। इन उद्योगपतियों में इंदिरा नूई, अरुण सरीन, सबीर भाटिया, विनोद घोसला का नाम विशेष रूप से लिया जा सकता हैस भारत मूल के ही सलमान रुश्दी लेखक, अमर्त्य सेन अर्थशास्त्री, झुंपा लहरी लेखिका, वेंकटरमन रामकृष्णन नोबेल पुरस्कार विजेता आदि।




मेष :– किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

बृषभ :– भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

मिथुन :– भावनाओं पर नियंतग्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा–प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

कर्क :– महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक–सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

सिंह :– भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख–दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्नक विचार ला सकती हैं।

कन्या :– नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

तुला :– कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन–सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

वृश्चिक :– किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

धनु :– रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

मकर :– सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

कुंभ :– पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन–सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

# यूजीसी और एनसीईआरटी का हिन्दू राष्ट्र शैक्षणिक कार्यक्रम

**राम पुनियानी**

*“ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ वह सब कुछ किया, जो वे कर सकती थीं। कई मौकों पर चुनाव आयोग की भूमिका भी निष्पक्ष नहीं रही है।”*

भाजपा सरकार केंद्र में अपनी सत्ता की दूसरी पारी के अंत की ओर है। करीब दस साल की इस अवधि में सरकार ने देश के लगभग सभी संस्थानों और संस्थाओं की दशा और दिशा में जो बदलाव किये हैं, वे सबके सामने हैं। ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ वह सब कुछ किया, जो वे कर सकती थीं।

कई मौकों पर चुनाव आयोग की भूमिका भी निष्पक्ष नहीं रही है। इस बीच, यूजीसी और एनसीईआरटी शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रमों में सत्ताधारी दल को सुहाने वाले परिवर्तन करने में व्यस्त रही हैं। नयी शिक्षा नीति (एनईपी) हमारी शिक्षा व्यवस्था के ढांचे और स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाली है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऐसे निर्देश जारी किये जा रहे हैं जिनसे विद्यार्थियों के मनो–मस्तिष्क में हिन्दू राष्ट्रवादी विचार और सिद्धांत बिठाये जा सकें। सरकार ने सबसे पहले विद्यार्थियों के आंदोलनों और उनके प्रतिरोध को कमजोर करने और उनमें भागीदारी करने वालों को डराने–धमकाने का अभियान शुरू किया। इन आंदोलनों के नेताओं पर राष्ट्रद्रोही का लेबल चस्पा कर दिया गया। तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रस्तावित किया कि प्रत्येक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक बहुत ऊंचे खम्बे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। यह भी प्रस्तावित किया गया कि जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कैंपस में सेना का एक टैंक स्थापित किया जाए। वह इसलिए क्योंकि वहां के विद्यार्थी ऐसे मसले उठा रहे थे जो सरकार को पसंद नहीं थे। हाल में इसी तर्ज पर कई निर्देश, आदेश जारी किये गए हैं। इनमें से एक यह है कि आरएसएस के प्रचारक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के संस्थापक दत्ताजी दिदोलकर की जन्म शताब्दी को मनाने के लिए एक साल तक चलने वाले आयोजनों में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। एक हिन्दू राष्ट्रवादी को राष्ट्रनायक का दर्जा देने का इस प्रयास का फोकस महाराष्ट्र के कॉलेजों पर है. क्या हिन्दू राष्ट्रवादी नेताओं को हीरो बनाने का यूजीसी का यह प्रयास उचित है? क्या हमें उन नायकों को याद नहीं करना चाहिए जो भारतीय राष्ट्रवाद के हामी थे और जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार के खिलाफ संग्राम का नेतृत्व किया था? आरएसएस से जुड़े दिदोलकर न तो स्वाधीनता संग्राम का हिस्सा थे और ना ही वे भारतीय संविधान के मूल्यों में आस्था रखते थे। यूजीसी ने एक और सर्कुलर जारी कर कहा है कि कॉलेजों में सेल्फी पॉइंट बनाए जाने चाहिए जिनकी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी का चित्र हो। कहने की जरूरत नहीं कि यह 2024 के आमचुनाव की तैयारी है। किसी भी प्रजातान्त्रिक देश में ऐसा नहीं होना चाहिए। क्या सरकार को किसी भी एक पार्टी के शीर्ष नेता का प्रचार करना चाहिए? क्या यह प्रजातान्त्रिक मानकों का उल्लंघन नहीं है? प्रजातान्त्रिक और संवैधानिक मूल्यों का इस तरह का खुल्लमखुल्ला मखौल क्या सरकार द्वारा अपनी शक्तियों के घोर दुरुपयोग के श्रेणी में नहीं आता? इससे भी एक कदम आगे बढ़कर, यह निर्देश जारी किया गया है कि कक्षा सात से लेकर कक्षा बारह तक के विद्यार्थियों को इतिहास के पाठ्यक्रम के भाग के रूप में रामायण और महाभारत पढ़ाया जाना चाहिए (टाइम्स ऑफ इंडिया, 22 नवम्बर, 2023)। एनसीआरटी के एक्सपर्ट पैनल के अनुसार, इससे देश के लोगों में देशभक्ति और स्वाभिमान के भाव जागृत होंगे और वे अपने देश पर गर्व करना सीखेंगे! भारत के ये दो महान महाकाव्य निश्चित तौर पर हमारे पौराणिक साहित्य का हिस्सा हैं। वे उस समय के सामाजिक मूल्यों और मानकों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिस समय वे लिखे गए थे। हम इन महाकाव्यों से उस समय के समाज के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं। रामायण भारत में ही नहीं, वरन श्रीलंका, थाईलैंड, बाली और सुमात्रा सहित एशिया के कई देशों में अत्यंत लोकप्रिय हैं। रामायण के कई अलग–अलग संस्करण हैं। रामायण के मूल लेखक वाल्मीकि थे। गोस्वामी तुलसीदास ने जनभाषा अवधी में उसका अनुवाद कर उसे आम जनता तक पहुंचाया। सोलहवीं सदी से रामायण उत्तर भारत की जन संस्कृति का हिस्सा बनी हुई है। भगवान राम की वह कथा जो हिन्दू राष्ट्रवादियों को प्रिय है, इस कथा के कई अलग–अलग पाठों में से एक है। पौला रिचमेन की पुस्तक श्मेनी रामायन्सश (ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस), भगवान राम की कहानी के अलग–अलग संस्करणों के बारे में बताती है। इसी तर्ज पर ए.के. रामानुजन ने एक लेख लिखा था जिसका शीर्षक था–श्थ्री हंड्रेड रामायंस रू फाइव एग्जामपिल्स एंड थ्री थॉट्स ऑन ट्रांसलेशन। यह अत्यंत अर्थपूर्ण लेख दिल्ली विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का हिस्सा था।

मगर बाद में एबीवीपी के विरोध के कारण इसे हटा दिया गया। हिन्दू राष्ट्रवादी रामकथा के एक विशिष्ट संस्करण को बढ़ावा देना चाहते हैं। रामानुजन बताते हैं कि इस कथा के कई स्वरूप है– जैन और बौद्ध स्वरूप हैं, और महिलाओं का संस्करण भी है, जिसकी लेखिका आंध्रप्रदेश की रंगनायकम्मा हैं। आदिवासियों की अपनी रामकथा है। अम्बेडकर ने अपनी पुस्तक श्हिन्दू धर्म की पहेलियांश में हमारा ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया है कि राम ने शम्बूक की केवल इसलिए हत्या कर दी थी क्योंकि वह शूद्र होते हुए भी तपस्या कर रहा था।

# पिछोर के ग्राम करारखेड़ा सहित देवगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ





**संवादाता हरिओम परिहार की खास रिपोर्ट**

**पिछोर(शिवपुरी)** विधानसभा क्षेत्र 26 पिछोर मे केंद्रीय मोदी सरकार के तयसुदा कार्यक्रम के तहत रविवार 17 दिसंबर को पिछोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत करारखेड़ा से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के तहत करारखेड़ा तथा देवगढ़ पंचायत स्थित शासकीय प्रांगण में मां सरस्वती एवं गांधी जी की चित्र पर जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दोनों कार्यक्रमों में उपस्थित विभिन्न विभागों के ब्लॉक प्रमुख अधिकारियों तथा उपस्थित जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी के माल्यार्पण तथा स्वागत सत्कार के बाद अपने अपने विभागों से संबंधित विभाग प्रमुखों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई इसी क्रम में कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत सीईओ बृह्मेन्द्र गुप्ता तहसीलदार शिवशंकर गुर्जर विकासखंडशिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता,बीआरसीसी सुरेश गुप्ता, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अरविंद तिवारी ,पशु चिकित्सक डॉक्टर ओझा खंडपंचायत अधिकारी आरके टैगर पीएचई एसडीओ विरवैया, बीएमओ रोहित भदकारिया , फूड इंस्पेक्टर राजबीर सिंह लोधी जनपद सहायक यंत्री घनश्याम झा आदि अधिकारियों की उपस्थिति में लाडली लक्ष्मी योजना तथा आयुष्मान योजना से लाभांवित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं कार्ड बांटे गए साथी विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ में स्थित एलईडी स्क्रीन पर विकसित भारत के संबंध में लघु फिल्म मौके पर उपस्थित ग्रामीण जनों को दिखाई गई इसी क्रम में हमारा संकल्प विकसित भारत बने जिसकी की शपथ सभी को दिलाई गई कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि मनीराम लोधी जिलापंचायत सदस्य द्वारा ग्रामीणों को संबोधित भी किया गया।

# डॉ सतीश को मारने वाले आरोपियों को पकड़ कर पुलिस ने भेजा जेल

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी** -पुलिस को मिली बड़ी सफलता पुलिस थाना करैरा ने आरोपी संजय जाटव उर्फ संजीव जाटव निवासी न्यू कॉलोनी करैरा को पकड़ कर एक लोहे का सरिया जप्त किया ।संजय जाटव शातिर बदमाश है जिसने 3 माह पहले डॉक्टर सतीश खरगवाल की अपने साथी शातिर बदमाश पुरुषोत्तम जाटव के साथ मिलकर लोहे के सरिया से मार पीट कर दोनों हाथ तोड़ दिए थे पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह जी के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के अंतर्गत अति0 पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं एस.डी.ओ. पी. करैरा शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में व थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक श्री सुरेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना करैरा टीम ने आरोपी संजय जाटव उर्फ संजीव जाटव निवासी न्यू कॉलोनी करैरा को पकड़कर एक लोहे का सरिया जप्त किया। आरोपी संजय जाटव उर्फ संजीव जाटव न्यू कॉलोनी करैरा ने दिनांक 18/9/23 को अपने साथी पुरुषोत्तम जाटव निवासी फिल्टर रोड करैरा के साथ पुरानी रंजिश को लेकर डॉक्टर सतीश खरगवाल निवासी न्यू कालोनी करैरा को लोहे के सरिए से मारपीट कर कई चोटें पहुंचाई थी । डॉक्टर के दोनो हाथ तोड़ दिए थे । इस प्रकरण में आरोपी संजय जाटव उर्फ संजीव जाटव के विरुद्ध कार्यवाही कर लोहे का सरिया जब्त किया गया । पुलिस थाना करैरा ने आरोपी संजय उर्फ संजीव जाटव व पुरुषोत्तम जाटव के विरुद्ध अपराध क्रमांक 656/ 23 धारा 323, 324 ,325 ,341, 294 506,34 आईपीसी का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस थाना करैरा टीम में सउनि शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक राजेंद्र यादव, आरक्षक राधे जादौन व अनूप द्विवेदी शामिल रहे ।

# नम्रता बाजपेई ने सपना किया पूरा वायुसेना मे प्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन



बिसवां सीतापुर -दी सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री मे कार्यरत आशीष बाजपेई की बेटी ने अपने बचपन मे देखे गये सपने को वायुसेना मे प्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन कर पूरा किया।नगर के मोहल्ला अमर नगर की नम्रता बाजपेई का सलेक्शन का सपना था कि वो वायुसेना मे जाकर देश की सेवा करे।नम्रता बाजपेई के पिता जहाँ शुगर फैक्ट्री मे कार्यरत है वाही मां दिब्यां बाजपेई परिषदीय विद्यालय मे शिक्षिका है। नम्रता के माता पिता ने बेटी के द्वारा देखे गये सपने को पूरा करने के किये हर संभव प्रयास किया। नम्रता को भारत मे सतरहवी रैंक मिली है।स्कूल शिक्षा रिजेंसी स्कूल सीतापुर मे हुई शेष शिक्षा दिल्ली विश्वाविद्यालय से प्राप्त की ।नगर की बेटी नम्रता बाजपेई का भारतीय वायुसेना मे प्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर सांसद राजेश वर्मा, विधायक निर्मल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसावल,पूर्वे विधायक महेन्द्र सिंह यादव,अजित मेहरोत्रा,पूर्व अध्यक्ष नपा सीमा जैन,राजू जैन,वीरेश मिश्रा,दिनेश चंद्र पाण्डेय,संदीप मिश्र,पवन कुमार मिश्रा,आंनद कुमार मिश्रा आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व

# शीतल और डॉ.आनंद ने जीता बैडमिंटन टूर्नामेंट



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**- खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 17 दिसम्बर को बैडमिंटन खेल का आयोजन किया गया। जिसमें 35 वर्ष और उससे अधिक वर्ष के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुरैना, गुना, कोलारस, शिवपुरी, दतिया, ग्वालियर के कुल 64 खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में बैडमिंटन खेल का आयोजन किया गया जिसमें 64 खिलाड़ियों ने नोक आउट आधार पर प्रतियोगिता में भाग लिया। खेल परिसर में ही पिछले दो दिनो से 35 वर्ष और उससे अधिक उम्र के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन की प्रतियोगिता में शिरकत की। जिसमें निखिल चोकसे और विवेक की जोड़ी को लगातार सेट में 2-0 से मात देकर कोलारस की आनंद और शीतल की जोड़ी ने कड़े मुक़ाबले में हराकर चैम्पियन का ख़िताब अपने नाम किया। जिला खेल अधिकारी डॉ.के.के.खरे ने बताया कि जिला खेल परिसर में पिछले दो दिवस में कई कड़े मुक़ाबले देखने को मिले। गुना की टीम से आए कपिल अवस्थी की जोड़ी ने भी अच्छा मुक़ाबला खेला लेकिन कोलारस और शिवपुरी के खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत से फ़ाइनल तक पहुँचे। कोलारस ब्लॉक में कुछ माह पहले ही इंडोर स्टेडियम का निर्माण हुआ है जिसमें सभी खेल की सुविधायें है जिनका उपयोग वहां के स्थानीय खिलाड़ी कर रहे है। विजयी रहे शीतल और आनंद की जोड़ी को और उप विजेता खिलाड़ी निखिल और विवेक की जोड़ी को मुख्य अतिथि एसडीओपी विजय यादव, मंडल अध्यक्ष के.पी.परमार, विपुल जेमीनी और जिला खेल अधिकारी डॉ.के.के.खरे ने विजेता उपविजेता ट्रॉफी से नवाजा। प्रतियोगिता का संचालन ब्रिज भूषण शर्मा, नितिन सरोदे, दिनेश गोखे, मनोज गुप्ता, कमल बाथम, देवेंद्र शर्मा द्वारा किया गया

# मृत्युभोज एक

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन द्वारा आज 17 दिसम्बर को शांति नगर में मोहनलाल शर्मा के मकान पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सबसे पहले भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मीटिंग का शुभारंभ किया गया मृत्यु भोज पर रोक लगाने तथा ग्वालियर में 25 दिसम्बर को आयोजित होने वाले परिचय सम्मेलन के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में भगवान परशुराम मंदिर के निर्माण की प्रगति से भी समाज बंधुओं को अवगत कराया गया जिसके संबंध में सेवानिवृत्त पंडित राजाराम चतुर्वेदी ने बताया कि मंदिर की दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा है, शीघ्र ही भव्य मंदिर भगवान परशुराम का बनकर तैयार हो जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन शिवपुरी के जिलाध्यक्ष पं. पुरूषोत्तकांत शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज द्वारा प्रति माह अलग अलग वार्डों में समाज की बैठक आयोजित की जाती है आज आयोजित बैठक में समाज के वरिष्ठजन डॉक्टर सी्



पी उपाध्याय को मुख्य अतिथि बनाया गया बैठक् की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पं. पुरूषोत्तकांत शर्मा द्वारा की गई। बैठक में समाज के उत्थान और समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया गया तथा समाज को आर्थिक, राजनैतिक और सामजिक रूप से मजबूत बनाने पर सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया। बैठक में नए मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव जी द्वारा खुले में माँस मीट बिक्रय पर प्रतिबंध लगाकर सनातन धर्म की रक्षा करने का जो निर्णय लिया है उसका ब्राह्मण समाज ने स्वागत किया है जिलाध्यक्ष पं. पुरूषोत्तकांत शर्मा, कैलाशनारायण भार्गव, सुरेन्द्र पाठक, ठाकुर भानु प्रताप सिंह शर्मा डॉक्टर एस के् पुराणिक महेन्द्र शर्मा, गजेन्द्र शर्मा, कैलाश मुद्गल विशम्भरदयाल दीक्षित, बालकृष्ण शर्मा मामा, बालकृष्ण मिश्राजी, डॉ. सी.पी. उपाध्याय, आर.पी. दुबे ओमप्रकाश समाधिया डॉ सुरेश पांडे द्वारका प्रसाद भाटेले संतोष शर्मा सिरसौद वाले कृष्ण गोपाल भार्गव राजकुमार शर्मा अशोक शर्मा भोजराज शर्मा ओम प्रकाश शर्मा दीपक चतुर्वेदी पद्मांश भार्गव बृजेश पांडे राम प्रकाश शर्मा कृष्णा वाले राजा राम चतुर्वेदी राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी कुलदीप शर्मा गणेश प्रसाद शर्मा रामजीलाल शर्मा नलिन अवस्थी हरिशंकर तिवारी एस एन कटारे इंजीनियर राजेश मिश्रा हरिशंकर शर्मा इंजीनियर नरेश पाराशर आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन पंडित हर गोविंद शर्मा ने किया एवं अंत में महेंद्र कुमार शर्मा ने ने आभार व्यक्त किया

# शिवपुरी पुलिस द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर की गई प्रभावी कार्यवाही

## अनेक मंदिर मस्जिदों एवं अन्य स्थान से लाउडस्पीकर हटवाए

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी द्वारा धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनिविस्तारक यंत्रो के अनियंत्रित व नियम विरूध्द प्रयोग पर नियंत्रण के संबंध में दिशा ड्ढनिर्देश जारी किये गये हैं उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को धार्मिक क्षेत्र एवं अन्य स्थानों



पर अनियंत्रित ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग एवं तय मानकों से ज्यादा ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्रों को हटाने हेतु निर्देशित किया गया हैं, इसके पालन में आज शिवपुरी में सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद एवं अन्य स्थानों पर जाकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का परीक्षण कर अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्रों को बात कर आपसी सहमति से हटवाया

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत् माडल स्कूल परिसर एवं नवीन बस स्टैण्ड में शिविर सम्पन्न

# शिवनगर मोड़ वार्ड 10 एवं चिरहुला मंदिर पार्किंग के पास विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आज

पुष्पांजली टुडे





रीवा। शासन निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आयोजित कराये जा रहे है। दिनांक 17.12.2023 को माडल स्कूल परिसर में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एवं नवीन बस स्टैण्ड में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के वंचित हितग्राहियों के आवेदन फार्म जमा कराये गये एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जनसमुदाय को जागरूक करते हुये जानकारी प्रदान की गई। शिविर मे शासन की योजनाओं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मंच से अपना अनुभव साझा करते हुये देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिविर में उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा केन्द्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उनके द्वारा कहा गया की पीएम स्वनिधि योजना के तहत बिना व्याज के रू. 10000 का ऋण ठेला, रेहड़ी, फुटपाथ व्यवसायी तथा छोटे व्यवसायियों को दिया जाता है जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बड़ा सकें इसके बाद जब वे रू. दस हजार का ऋण अदा कर देते है तो उन्हें रू. 20000 का ऋण बिना व्याज के दिया जाता है तथा रू. बीस हजार का ऋण चुकता करते ही उन्हें रू. 50000 का ऋण बिना व्याज के दिया जाता है जिससे वे अपने रोजगार को और विस्तार दें सकें तथा ठेला, रेहड़ी, फुटपाथ व्यवसायियो का जीवन खुशहाल हो सके। निगमायुक्त ने कहा कि 18 से 40 आयु वर्ग के लोगों को अटल पेंशन स्कीम मे अवश्य जुड़ना चाहियें एवं 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्हें रू. 2000 से रू. 5000 तक प्रतिमाह पेंशन प्राप्त होती है, उन्होंने कहा कि अटल पेंशन योजना के तहत उन्होने स्वयं अपना अंशदान जमा कर रही है। उन्होने उपस्थित जन समुदाय से अपील की सभी लोग शासन की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत अभियान शहरी, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेने और अमृत भारत स्टेशन योजना आदि योजनाओं के आवेदन प्राप्त किये जा रहे

## जन जन तक योजनाओं की पहुंच के लिए निकाली जा रही है संकल्प यात्रा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-हर जरूरतमंद तक केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। रविवार को संकल्प यात्रा जनपद पंचायत पिछोर के ग्राम करारखेड़ा तथा देवगढ़ में, जनपद करैरा एवं नरवर की ग्राम पंचायत टोरियाकलां और ढकुरई में, जनपद शिवपुरी की ग्राम पंचायत सतनवाड़ाकला एवं कांकर, जनपद कोलारस एवं बदरवास की ग्राम पंचायत बेहटा एवं गुढा में, जनपद पोहरी की ग्राम पंचायत परिच्छाअहीर एवं कनारखेडी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविरों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन-जन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए यह विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। शुगर लगाए जा रहे हैं जिसमें केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है।

**ग्रामीण क्षेत्र के लिए शामिल योजनाएँ** - ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में आयुष्मान भारत -पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड पीएम पोषण अभियान, हर घर जल - जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड और उन्नत कृषि यंत्र शामिल है।

**शहरी क्षेत्र के लिये शामिल योजनाएँ** - शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना,




पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत - क्र्ष्ठ्वद्ब, पीएम आवास योजना (शहरी), वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया और आरसीएस~ उड़ान योजना शामिल है।**एग्री ड्रोन का प्रदर्शन** -वेन के साथ ही एग्री ड्रोन को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। ताकि इस तकनीकी के उपयोग से खेतों में खाद या दवा का छिड़काव कम समय में किया जा सकेगा।

**आईईसी वेन के माध्यम से लोगो तक पहुंच रहा प्रधानमंत्री का संदेश**-आई.ई.सी. वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर प्रधानमंत्री जी का संदेश, संकल्प-वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन, ÷मेरी कहानी मेरी जुबानी÷ का प्रदर्शन किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम ÷धरती कहे पुकार के÷ स्वच्छता गीत, सेल्फ हेल्प ग्रुप/एफ.पी.ओ./ स्कूल छात्र/ स्थानीय कलाकरों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

**हितग्राहियों को लाभ वितरण**-विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया और विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

## परा तीरंदाज शीतल का अनुरक्षक बनकर खुशी महसूस हो रही है : रोमिका शर्मा

**जोहानिसबर्ग।** नई दिल्ली, 16 दिसंबर (हि.स.)। रोमिका शर्मा, पैरा तीरंदाज शीतल देवी की जिंदगी में बेहद अहम शख्सियत बनी हुई हैं। जहां शीतल अपनी प्रतिभा से दुनिया भर का ध्यान आकर्षित कर रहीं हैं, वहीं, रोमिका चुपचाप शीतल की सहायता टीम में सबसे अभिन्न व्यक्तियों में से एक हैं। शीतल खेलो इंडिया पैरा गेम्स (केआईपीजी) के पैरा तीरंदाजी इवेंट में कंपाउंड महिला ओपन वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और फाइनल में पहले ही जगह बना चुकी हैं। केआईपीजी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में रोमिका ने कहा, शीतल एशियाई पैरा खेलों के बाद कुछ समय तक प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहीं थीं, लेकिन अब मैं यहां उनके स्कोर से खुश हूं। वह अच्छे अंदाज में फाइनल में पहुंची हैं।

शीतल ने मुझे बताया कि वह यहां खेलो इंडिया पैरा गेम्स की व्यवस्था से खुश है। इस प्रतियोगिता और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में कोई अंतर नहीं है। रोमिका, जो स्वयं एक कंपाउंड तीरंदाज है, अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के दौरान शीतल की अनुरक्षक होती है। जेएंडके की जोड़ी इस समय जेएलएन स्टेडियम में है और उनके बीच की केमिस्ट्री को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। रोमिका ने कहा, मुझे शीतल की अनुरक्षक बनकर बहुत खुशी महसूस हो रही है। तीन साल पहले कोच कुलदीप वेदवान के अनुरोध पर मैं उनसे नेशनल्स में मिली थी और तभी से मैं उनके करीब रहने लगी।

## मेसी की छह जर्सी 78 लाख डॉलर में बिकी, विश्व कप में पहनी थी

**न्यूयॉर्क ।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पिछले साल विश्व कप के दौरान पहनी गई छह जर्सी नीलामी में 78 लाख डॉलर में बिकी। नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने यह घोषणा की। सोथबी ने बताया कि मेसी ने इन शर्ट को कतर में



2022 में खेले गए फीफा विश्व कप के पहले चरण के मैचों में पहना था। इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में यह सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाली वस्तु रही। अर्जेंटीना ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना तीसरा खिताब जीता था। निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया था। मेसी की इन शर्ट के लिए विजेता बोली लगाने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## टेस्ट फॉर्मेट में भारतीय महिलाओं ने हासिल की सबसे बड़ी जीत, कप्तान हरमनप्रीत ने कही यह बात

**नवी मुंबई ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया एकमात्र टेस्ट 347 रन से जीत लिया। यह महिला टेस्ट में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है। टीम इंडिया को यह ऐतिहासिक जीत दिलाने में भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का बड़ा योगदान रहा। दीप्ति जहां बल्लेबाजी के दौरान एक अर्धशतक लगाने में सफल रही तो वहीं, गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 9 विकेट चटकाए। टेस्ट के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का भी उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा। उन्होंने टेस्ट जीतने के बाद अपने प्लेयरों का उत्साह बढ़ाया।

**महिला टेस्ट में जीत का सबसे बड़ा अंतर (रनों के हिसाब से)**

347 - भारतीय महिला बनाम इंगलैंड महिला, मुंबई, 2023
309- श्रीलंका महिला बनाम पाकिस्तान महिला, कोलंबो, 1998
188 - न्यूजीलैंड महिला बनाम दक्षिण अफ्रीका महिला, डरबन, 1972
186 - ऑस्ट्रेलिया महिला बनाम इंग्लैंड महिला, एडिलेड, 1949
185 - इंग्लैंड महिला बनाम न्यूजीलैंड महिला, ऑकलैंड, 1949

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। मैच की शुरुआत में हम यही सोच रहे थे कि गेम कैसे जीता जाए। सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ। यह एक योजना थी, हमें उन योजनाओं को लागू करना था। इस खेल के शुरू होने से पहले तैयारी के लिए हमारे पास कुछ दिन थे। सभी खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी ली और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## पीकेएलः ईरान के अमीरमोहम्मद जफरदानेश ने यू मुंबा को दिलाई रोमांचक जीत

**पुणे।** ईरान के अमीरमोहम्मद जफरदानेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुणे के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 के एक करीबी मुकाबले में यू मुंबा को पटना पाइरेट्स के खिलाफ 42-40 से रोमांचक जीत दिला दी। ईरान के रेडर जफरदानेश ने मुकाबले में सुपर 10 लगाते हुए 13 पॉइंट हासिल किए। जफरदानेश को विश्वनाथ वी का भी अच्छा साथ मिला, जिन्होंने मैच में 8 पॉइंट अर्जित किए। मैच के तीसरे मिनट में ही गुमान सिंह के मल्टी रेड पॉइंट के दम पर यू मुंबा की टीम 3-2 से आगे हो गई। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने मिली। मैच के छठे मिनट तक दोनों टीमें 5-5 की बराबरी पर थी। पाइरेट्स और मुंबई की टीम एक-दूसरे के खिलाफ रेड का मुकाबला करती रहीं। लेकिन फिर सचिन ने शानदार रेड कर दिया



और इससे यू मुंबा के केवल तीन ही खिलाड़ी मैट पर रह गए। हालांकि, विश्वनाथ वी ने मल्टी रेड करके अंकित और सुधाकर एम को मैट से बाहर कर दिया। यू मुंबा की टीम इसके बाद 12वें मिनट में 10-9 से आगे हो गई।

मंजीत ने 15वें मिनट में सुपर टैकल किया और पाइरेट्स को 11-13 के स्कोर के साथ मुकाबले में बनाए रखा। सचिन ने साथ ही डिफेंस में भी टीम का बेहतरीन सपोर्ट किया। इसके बाद यू मुंबा का केवल एक ही खिलाड़ी मैट पर रह गया। लेकिन हेइदराली एकरामी ने शानदार रेड करके मुंबई को मुकाबले में बनाए रखा। हालांकि, पटना पाइरेट्स ने यू मुंबा पर दबाव बनाना जारी रखा। इसका फायदा उसे उस टाइम जाकर मिला जब 17वें मिनट में उसने विपक्षी टीम को ऑल आउट कर दिया। पटना पाइरेट्स की टीम शानदार लय में दिखने लगी और पहले हाफ की समाप्ति तक वे 21-18 से आगे थी। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में भी सचिन का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने पटना पाइरेट्स को 23-19 से आगे कर दिया। हालांकि, यू मुंबा के लिए अमीरमोहम्मद जफरदानेश ने मल्टी रेड पॉइंट्स की झड़ी लगा दी। उनके इस प्रदर्शन के दम पर यू मुंबा ने मुकाबले में वापसी कर ली और अपने स्कोर को 26-25 के साथ एक पॉइंट की बढ़त बना ली।

## मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका टेस्ट से बाहर; एकदिनी श्रृंखला से हटे दीपक चाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। इसके अलावा तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से नाम वापस ले लिया है। बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप चाहर की जगह लेंगे।

शमी की अनुपस्थिति दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने की कोशिश कर रहे भारत के लिए एक बड़ा झटका है। उन्होंने केवल 64 टेस्ट मैचों में 27.71 की बहुत अच्छी औसत से 229 विकेट लिए हैं और 2021-22 में अपनी पिछली यात्रा पर टीम के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 21 की औसत से 14 विकेट लिए थे। हालांकि बीसीसीआई ने शमी के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है, क्योंकि टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए पांच तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा हैं बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर जोहान्सबर्ग में सिर्फ शुरुआती एकदिवसीय मैच का हिस्सा होंगे और टेस्ट से पहले इंट्रा-स्क्वाड रेड-बॉल अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। इस बीच, राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में पारस म्हाम्ब्रे (गेंदबाजी कोच), विक्रम राठौड़ (बल्लेबाजी कोच) और टी. दिलीप (क्षेत्ररक्षण कोच) का कोचिंग स्टाफ एकदिवसीय श्रृंखला का हिस्सा नहीं होगा। इसके बजाय वह लाल गेंद अभ्यास मैच और टेस्ट श्रृंखला की तैयारियों की देखरेख करेंगे।

## आईपीएल :रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या बने मुंबई इंडियंस के कप्तान

**मुंबई।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे, वह रोहित शर्मा की जगह लेंगे, जिन्होंने एक दशक तक टीम का नेतृत्व किया है और मुंबई को पांच आईपीएल खिताब दिलाए हैं, वह टूर्नामेंट के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी के साथ संयुक्त रूप से सबसे सफल कप्तान हैं। मुंबई ने हाल ही में हार्दिक को गुजरात टाइटंस से ट्रेड कर वापस अपनी टीम में शामिल किया है। हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने एक बार खिताब जीता है और पिछले सत्र में टीम उपविजेता रही थी।

हालाँकि यह घटनाक्रम कुछ लोगों के लिए आश्चर्य की बात हो सकती है, लेकिन जब मुंबई ने टाइटन्स से हार्दिक का व्यापार किया तो उसके पास एक स्पष्ट योजना थी। फ्रेंचाइजी ने हार्दिक को रोहित के उत्तराधिकारी के रूप में पहचाना था और अतीत की तरह एक सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करना चाहती थी, जब कप्तानी की कमान सचिन तेंदुलकर से हरभजन सिंह और फिर रिकी पोंटिंग से रोहित के पास चली गई थी। समझा जाता है कि रोहित आईपीएल में मुंबई के लिए खेलना जारी रखेंगे।

मुंबई के वैश्विक प्रदर्शन प्रमुख महेला जयवर्धने ने एक बयान में कहा, यह विरासत के निर्माण और भविष्य के लिए तैयार रहने के एमआई दर्शन के प्रति सच्चे रहने का हिस्सा है। सचिन से लेकर



हरभजन और रिकी से लेकर रोहित तक मुंबई इंडियंस को हमेशा असाधारण नेतृत्व का आशीर्वाद मिला है, जिन्होंने तत्काल सफलता में योगदान देने के साथ-साथ भविष्य के लिए टीम को मजबूत करने पर भी हमेशा ध्यान दिया है। यह इस दर्शन के अनुरूप है कि हार्दिक आईपीएल 2024 सीजन के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालेंगे। जयवर्धने ने आगे कहा, हम रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं; 2013 से मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका कार्यकाल असाधारण से कम नहीं है।उनके नेतृत्व ने न केवल टीम को अद्वितीय सफलता दिलाई है, बल्कि आईपीएल के इतिहास में सबसे बेहतरीन कप्तानों में से एक के रूप में उन्होंने अपनी जगह भी मजबूत की है। उन्होंने आगे कहा, उनके मार्गदर्शन में, एमआई अब तक की सबसे सफल और पसंदीदा टीमों में से एक बन गई। हम एमआई को और मजबूत करने के लिए मैदान के अंदर और बाहर उनके मार्गदर्शन और अनुभव की प्रतीक्षा करेंगे। हम एमआई के नए कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या का स्वागत करते हैं और उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

कुल मिलाकर, रोहित ने आईपीएल और चैंपियंस लीग टी20 में 163 बार मुंबई का नेतृत्व किया, 91 मैच जीते, चार टाई रहे और 68 हारे। उनके नेतृत्व में, मुंबई पांच आईपीएल (2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में) फाइनल में पहुंची और सभी में जीत दर्ज की। हालाँकि पिछले तीन सीज़न मुंबई के लिए कम सफल रहे हैं। वे 2021 और 2022 में प्लेऑफ़ में जगह बनाने में विफल रहे, और दूसरे क्वालीफायर में टाइटंस से हार के साथ 2023 टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## यूईएफए यूरोपा लीग : विलारियल ग्रुप एफ में शीर्ष पर, रियल बेटिस बाहर

**वालेंसिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 में अपने अभियान की शुरुआत मेजबान स्पेन के खिलाफ 3-2 से हार के साथ की। भारत के लिए गुरजीत कौर (13') और संगीता कुमारी (14') ने एक-एक गोल किया, जबकि स्पेन के लिए सारा बैरियोस नवारो (2'), पेट्रीसिया अल्वारेज़ नार्डिज़ (30') और जूलिया स्ट्रैपाटो गैरेटा (53') ने गोल किया। स्पेनिश टीम ने मैच की शुरुआत आक्रामक तरीके से की और उसे अपने प्रयास का इनाम मिला और सारा बैरियोस नवारो ने खेल के दूसरे ही मिनट में गोल करते हुए अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद, भारत ने पलटवार करते हुए स्पेन को उसके आधे हिस्से में धकेल दिया और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। गुरजीत कौर ने इस मौके का फायदा उठाते हुए जोरदार झटका लगाया और गोल कर भारत को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके तुरंत बाद, संगीता



कुमारी ने स्पेनिश रक्षा में सेंध लगाकर एक और गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। पहला क्वार्टर भारत के पक्ष में 2-1 से समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर में स्पेन की मजबूत टीम ने वापसी की और पेट्रीसिया अल्वारेज़ नार्डिज़ के गोल की मदद से बराबरी कर ली। तीसरे क्वार्टर में कोई और गोल नहीं हुआ और दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर रहीं। स्पेन ने आखिरकार आखिरी क्वार्टर में गतिरोध तोड़ दिया जब जूलिया स्ट्रैपाटो गैरेटा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके 3-2 से अपनी टीम की जीत पक्की कर दी।

## मिशन ओलंपिक : प्रियंका गोस्वामी को ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास करने की अनुमति मिली

**नई दिल्ली ।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी के ऑस्ट्रेलिया में कोच ब्रेंट वालेस की निगरानी में अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रियंका ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के निकट स्थित प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास करेगी।

उनको मिलने वाली वित्तीय सहायता में हवाई किराया, भोजन-आवास की लागत, खेल विज्ञान सहायता के लिए व्यय, कोचिंग शुल्क सहित अन्य खर्च शामिल होंगे। एमओसी ने इसके अलावा लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के विकास ग्रुप में शामिल ग्रीको रोमन पहलवान आशु (67 किग्रा), सूरज (55 किग्रा) और रोनित शर्मा (48 किग्रा) के कजाकिस्तान के अल्माटी में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। सरकार इन तीनों पहलवान, उनके कोच, फिजियोथैरेपिस्ट और सहयोगी के सभी खर्च उठाएगी। निशानेबाज भवनेश मेंदीरत्ता के विदेशी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ एक सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर के लिए वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई है। एमओसी ने निशानेबाज रमिता को निशानेबाजी की किट खरीदने और तीरंदाज यशदीप भोगे को तीरंदाजी उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। इसके अलावा पैरा एथलीट प्रणव सूरमा के खेल




उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता, इटली में डब्ल्यूटीटी फीडर बायला में भाग लेने के लिए टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के लिए वित्तीय सहायता और बैडमिंटन खिलाड़ियों किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान सहयोगी स्टाफ रखने के लिए वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी गई।

## जेराई जारागोजा ने संभाली बेंगलुरू एफसी की कमान, पहला मुकाबला जमशेदपुर से

**बेंगलुरु।** स्पेनिश कोच जेरार्ड जारागोजा मुख्य कोच के रूप में बेंगलुरू लौट आए हैं और वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में ब्लूज के साथ नई पारी की शुरुआत करेंगे, जब बेंगलुरू एफसी अपने घरेलू मैदान श्री कांतीरावा स्टेडियम में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ खेलेगी।

ब्लूज इस सीजन में अपने खेले 10 मैचों में मात्र एक जीत के साथ लड़खड़ा रहे हैं। उनका अभियान तेजी से शुरू हुआ, लेकिन यह धीरे-धीरे डगमगाने लगा। मुम्बई सिटी एफसी से मनोबल तोड़ने वाली 4-0 की हार के कारण साइमन ग्रेसन की विदाई हुई और जारागोजा का आगमन हुआ। जारागोजा उस कोचिंग सेटअप का हिस्सा था जो ब्लूज को 2018-19 में आईएसएल खिताब जीतने की राह पर लेकर गई थी।दूसरी ओर, हेड कोच स्कॉट कूपर की देखरेख में जमशेदपुर एफसी अपनी पहचान तलाश रही है। अपनी चिंताओं को किनारे रखते हुए, क्लब को इस सीजन में कुछ हासिल करने के लिए लगातार जीतने की सख्त जरूरत है। रेड माइनर्स अपने खेले नौ मैचों में से पांच हार चुके हैं और अब उनका सामना बेंगलुरू एफसी से है जो खुद भी इसी तरह की चुनौतियों से जूझ रही है। यह उन टीमों का मैच है जो इस समय एक जैसी समस्याओं का सामना



कर रही हैं, और कौन इनसे बाहर करने में कामयाब होता है, यह आज पता चलेगा।बेंगलुरू एफसी के हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। यह एक क्लब था जिसने मेरा हाथ थामा। स्पेनिश क्लबों के अतिरिक्त यह एकमात्र क्लब है जिसका मैं हमेशा अनुसरण करता था। हम कप्तान और क्लब के लोगों के साथ हमेशा संपर्क में रहते हैं। हम हमेशा वापसी की संभावना के बारे में बात करते थे। मैं खुश हूं क्योंकि यही वह क्षण है। बीएफसी के लिए अभी समय अच्छा नहीं चल रहा है और मैं क्लब को वहां तक पहुंचाने में मदद करने के लिए यहां आया हूं, जहां उसे पहुंचना चाहिए। जमशेदपुर एफसी के हेड कोच स्कॉट कूपर ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,'हम इस मायने में बिल्कुल अलग हैं कि बेंगलुरू एफसी पिछले सीजन में चौथे स्थान पर थी, इसलिए वे इस बार में ज्यादा उम्मीदों के साथ आई थी।

## Team india ने टेस्ट में इंगलैंड को चटाई धूल : इन 5 खिलाड़ियों ने रच दिया इतिहास

**मुंबई।** दो साल बाद टेस्ट खेल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नवी मुंबई के मैदान पर इतिहास रच दिया जब उन्होंने इंगलैंड को एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान तीसरे ही दिन 347 रन से शिकस्त दे दी। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर 6 विकेट पर 186 रन पर समाप्त घोषित करके इंग्लैंड के सामने 479 रन का असंभव लक्ष्य रखा। ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (32 रन देकर 4 विकेट) और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (23 रन देकर तीन विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके इंग्लैंड को 131 रन पर ढेर कर दिया। यह महिला टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। श्रीलंका ने 1998 में पाकिस्तान को 309 रन से हराया था। बहरहाल, टीम इंडिया के लिए इन पांच क्रिकेटरों की बदौलत यह बड़ी जीत संभव हुई।

**दीप्ति शर्मा**

भारतीय स्पिनर पूरी समय लाइमलाइट में रही। भारत जब बल्लेबाजी कर रहा था तो दीप्ति ने 18 गेंदों पर 20 रन बनाकर दर्शकों का मनोरंजन किया थ। जब गेंद थामी तो भी मनोरंजन करती रही। दीप्ति ने पहली बारी में 5.3 ओवर में 4 मेडन फेंकते हुए 7 रन देकर 5 विकेट लीं। यह पांच विकेट तब आए जब इंगलैंड 108 रन पर तीन विकेट गंवा कर खेल रही थी। दीप्ति ने पांच विकेट लेकर इंग्लैंड को 136 रन पर ही रोक दिया। इससे पहले भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 428 रन बनाए थे। इस तरह उनके पास बड़ी लीड रही। दूसरी पारी में भी दीप्ति ने अपनी गेंद का जादू दिखाया। और 8 ओवर में 32 रन देकर 4 विकेट चटका लीं। इससे भारत को बड़ी जीत मिली।

**शुभा सतीश**

भारतीय महिला क्रिकेटर शुभा के लिए यह डैब्यू मुकाबला था। टीम इंडिया ने जब 9 ओवर के अंदर अपने दोनों ओपनर्स गंवा लिए थे तो शुभा ने तेजतर्रार पारी खेलकर पारी को गति दी। इससे जेमिमा रोड्रिग्ज, हरनमप्रीत और यस्तिका भाटिया को खुलकर खेलने का मौका मिल गया। शुभा दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर पाई लेकिन उन्होंने अपना रोल बाखूबी अदा किया।

**हरमनप्रीत कौर**

भारतीय कप्तान टी20 सीरीज गंवाने के बाद खुलकर सामने आईं। उन्होंने एक छोर संभाला और रन गति को जारी रखा। हरमनप्रीत ने 81 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 49 रन बनाए। यही नहीं दूसरी पारी में भी उन्होंने 67 गेंदों पर 44 रन बनाकर स्कोर 186 तक पहुंचा दिया। इससे टीम इंडिया के पास बड़ी लीड हो गई जिस तक पहुंचना इंगलैंड के लिए लगभग नमुमकिन सा हो गया।

**पूजा वस्त्राकर**

पूजा ने मुकाबले के दौरान अपनी सधी हुई बल्लेबाजी और गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया। पूजा बल्लेबाजी करते हुए दोनों पारियों (10 और 17) में नाबाद रहीं। इसी तरह पहली पारी में उन्होंने 39 रन देकर 1 तो दूसरी पारी में महज 4 ओवर में ही 3 विकेट चटकाकर इंगलैंड की कमर तोड़ दी। उन्होंने दूसरी पारी में खतरनाक बल्लेबाज सोफिया डंकले, कप्तान हीदर नाइट, नेट सीवर ब्रंट का विकेट लिया।

## जूनियर हॉकी विश्व कप : स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मैच में भारत को दिखाना होगा दमखम

**कुआलालंपुर ।**अब तक मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही भारतीय टीम को अगर जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के शनिवार को होने वाले कांस्य पदक के मैच में मजबूत स्पेन को हराना है तो उसे जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा। भारत ने गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में 12 पेनल्टी कॉर्नर गंवाए जिससे इस मैच में उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस पराजय से भारतीय टीम का मनोबल गिरा होगा, लेकिन अगर उसे पोडियम (शीर्ष तीन में शामिल) पर पहुंचना है तो स्पेन के खिलाफ अवसरों को भुनाना होगा। पूल चरण के मैच में स्पेन ने भारत को 4-1 से हराया था। स्पेन की टीम भी दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के हाथों 1-3 से हार के कारण आहत होगी लेकिन वह कांस्य पदक जीतने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय टीम भी इस प्रतियोगिता में चौथी बार पोडियम पर पहुंचने की कोशिश करेगी। उसने इस टूर्नामेंट में दो बार (होबार्ट में 2001 और लखनऊ में 2016) स्वर्ण पदक और 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन केंस में रजत पदक जीता था। लेकिन उत्तम सिंह की अगुवाई वाली टीम को अगर इस सूची में शामिल होना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत के लिए यह प्रतियोगिता मिश्रित सफलता वाली रही है। उसने क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर चार टीम नीदरलैंड को 4-3 से हराया था लेकिन छह बार के चैंपियन जर्मनी के खिलाफ उसके खिलाड़ी यह लय बरकरार नहीं रख पाए। भारतीय कप्तान उत्तम ने स्वीकार किया कि उन्होंने कई मौके गंवाए लेकिन साथ ही कहा कि उनके पास अब भी पोडियम पर पहुंचने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उत्तम ने कहा, 'हमें काफी मौके मिले लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा पाए।

## अक्टूबर में ईएसआई योजना के तहत 17.28 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्थायी पेरोल डेटा के अनुसार अक्टूबर में 17.28 लाख नए कर्मचारी ईएसआई योजना के तहत जुड़े हैं। अक्टूबर में करीब 23,468 नए प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। इसके साथ ही इनके कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके अधिक कवरेज सुनिश्चित की गई है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि इस दौरान देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। मंत्रालय के मुताबिक अक्टूबर, 2023 के दौरान शामिल किए गए कुल 17.28 लाख कर्मचारियों में से 8.25 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु तक के हैं। ये नए पंजीकरणों में बहुतायत हैं, इनकी संख्या कुल कर्मचारियों का 47.76 फीसदी है।

मंत्रालय की ओर से जारी पेरोल डेटा के लिंग-वार विश्लेषण से पता चलता है कि अक्टूबर, 2023 में कुल 3.31 लाख महिला सदस्यों का नामांकन हुआ है। डेटा से पता चलता है कि अक्टूबर महीने में कुल 51 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकरण कराया है, जो यह दर्शाता है कि ईएसआईसी अपनी योजना का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एलआईसी एजेंटों को अब मिलेगी पांच लाख ग्रेच्युटी, ईएसआईसी से 17.28 लाख कर्मचारी जुड़े

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने एजेंटों के लिए ग्रेच्युटी सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी है। इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। यह बढ़ोतरी भारतीय जीवन बीमा निगम (एजेंट) विनियमन-2017 में संशोधन कर प्रभाव में लाई गई है। एलआईसी ने शेयर बाजार को बताया कि इन नियमों को भारतीय जीवन बीमा निगम (एजेंट) संशोधन विनियमन-2023 कहा जा सकता है। यह नियम 6 दिसंबर के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू हुआ है।

वित्त मंत्रालय ने सितंबर में एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लाभ के लिए कई कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दी थी। इन उपायों में ग्रेच्युटी सीमा और पारिवारिक पेंशन में वृद्धि भी शामिल है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की विभिन्न योजनाओं के तहत अक्तूबर में 17.28 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। श्रम मंत्रालय के मुताबिक, 23,468 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए। युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा हुए।?नए पंजीकरण में 25 वर्ष आयु वर्ग तक के 8.25 लाख कर्मचारी हैं। मार्केटिंग सॉल्यूशंस कंपनी माघ एडवर्टाइजिंग बोनस इश्यू और शेयरों के विभाजन पर 20 दिसंबर को बोर्ड की होने वाली बैठक में फैसला कर सकती है। एक महीने में शेयर के भाव 150 फीसदी से अधिक बढ़े हैं। पहली छमाही में कंपनी का राजस्व 80 फीसदी बढ़कर 21.55 करोड़ रुपये रहा।

## 'कर्नाटक बैंक निजी इकाई है राज्य नहीं', हाईकोर्ट ने रिट याचिका खारिज करते हुए कही यह बात

**नई दिल्ली।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक के खिलाफ एक रिट याचिका खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने कहा कि कहा कि कर्नाटक का निजी बैंक कर्नाटक बैंक संविधान के अनुसार राज्य नहीं है और इसे किसी भी वैधानिक या सार्वजनिक कर्तव्य को निभाने वाली संस्था या कंपनी नहीं कहा जा सकता है। बैंक के खिलाफ एक रिट याचिका को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति केवी अरविंद की एकल पीठ ने हाल के एक आदेश में कहा, 'हालांकि प्रतिवादी बैंक सार्वजनिक वित्त की सेवा दे रहा है और भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से विनियमित है, लेकिन इसे किसी भी वैधानिक या सार्वजनिक कर्तव्य को करने वाली संस्था या कंपनी नहीं कहा जा सकता है। ऐसे में संविधान के अनुच्छेद 12 अधिकारियों को परमादेश की रिट जारी नहीं की जा सकती है। राजेश कुमार शेट्टी ने अपनी याचिका में टी सुब्बाया शेट्टी और कर्नाटक बैंक के खिलाफ याचिका दायर कर उन्हें अपने खाते से 1,24,27,826 रुपये की सावधि जमा राशि निकालने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की थी।




## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली** अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले 24 घंटे में कच्चे तेल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं है । ब्रेंट क्रूड का मूल्य 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड का भाव 0.06 डॉलर यानी 0.08 फीसदी की गिरावट के साथ 76.55 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.15 डॉलर यानी 0.21 फीसदी लुढ़ककर 71.43 डॉलर प्रति बैरल पर है।



## लगातार दूसरे दिन सर्राफा बाजार में तेजी, सोने-चांदी की कीमत में उछाल

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी बनी रही। देश के अलग अलग सर्राफा बाजारों में सोना आज 100 रुपये से लेकर 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया। इसी तरह चांदी में भी आज एक बार फिर जोरदार तेजी दर्ज की गई। आज की तेजी के कारण दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी करीब 1 हजार रुपये की मजबूती के साथ 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच कर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा है। इन प्रमुख शहरों के अलावा लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# इस्मा ने 2023-24 में चीनी का उत्पादन 325 लाख टन रहने का जताया अनुमान

**नई दिल्ली।** चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) को देश में चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में कुल 325 लाख टन चीनी का उत्पादन (इथेनॉल के लिए उपयोग के बिना) होने की उम्मीद, जबकि घरेलू खपत 285 लाख टन रहने की अनुमान है। इस्मा ने कहा कि इथेनॉल बनाने के लिए गन्ना रस के उपयोग पर 'अचानक' प्रतिबंध से चीनी मिलों की क्षमता उपयोग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश खतरे में पड़ गया है। उद्योग संगठन इस्मा ने शुक्रवार को कहा कि इथेनॉल बनाने के लिए गन्ना रस के उपयोग पर 'अचानक' प्रतिबंध से चीनी मिलों की क्षमता उपयोग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश खतरे में पड़ गया है। यह निवेश हरित ईंधन संयंत्र स्थापित करने के लिए पिछले तीन साल में लगाया गया है। उद्योग निकाय ने आशंका जताई है कि इससे गन्ना किसानों को भुगतान में देरी हो सकती है। इस्मा ने सरकार से मिल मालिकों की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए चीनी के उप-उत्पाद बी-हैवी और सी-हैवी शीरे से बने इथेनॉल की कीमतों में जल्द संशोधन करने की मांग की है। इस्मा के अध्यक्ष आदित्य झुनझुनवाला ने संगठन की 89वीं वार्षिक आम बैठक में कहा कि आपूर्ति वर्ष 2023-24 में इथेनॉल के लिए गन्ना रस या सिरप के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से अचानक प्रतिबंध, चीनी उद्योग के लिए एक बड़ा प्रतिरोधक है।



उन्होंने कहा कि प्रतिबंध ने उद्योग को मुश्किल स्थिति में डाल दिया है। झुनझुनवाला ने सरकार से इस पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। झुनझुनवाला ने कहा कि बी-हैवी और सी-हैवी शीरे से बने इथेनॉल की कीमत को तुरंत संशोधित और घोषित करने की जरूरत है, ताकि इससे चीनी मिलों को हालिया प्रतिबंध से संभावित नुकसान की भरपाई करने में मदद मिलेगी।

झुनझुनवाला ने कहा कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में कुल चीनी उत्पादन 325 लाख टन (एथनॉल के लिए उपयोग के बिना) होने की उम्मीद है, जबकि घरेलू खपत 285 लाख टन का अनुमान है। उन्होंने कहा कि चीनी विपणन वर्ष 2022-23 में भारत ने 64 लाख टन चीनी का निर्यात किया। उन्होंने कहा कि सरकार आपूर्ति वर्ष 2023-24 में इथेनॉल उत्पादन के लिए 17 लाख टन चीनी के अंतरण की अनुमति दे सकती है। झुनझुनवाला ने कहा कि इथेनॉल के लिए 17-20 लाख टन अतिरिक्त चीनी के इस्तेमाल की गुंजाइश है।इस्मा अध्यक्ष ने कहा कि उद्योग ने इथेनॉल उत्पादन की क्षमता बढ़ाने के लिए पिछले तीन साल में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि यह बड़ा निवेश, जोखिम में है। झुनझुनवाल ने कहा कि इथेनॉल उत्पादन क्षमता तीन साल पहले 280 करोड़ लीटर से बढ़कर 766 करोड़ लीटर हो गई है। दरअसल आपूर्ति वर्ष 2022-23 (नवंबर से अक्टूबर) में पेट्रोल के साथ इथेनॉल का 12 फीसदी मिश्रण का स्तर हासिल किया है। उन्होंने कहा कि उद्योग की मांग बी-हैवी शीरे से बने इथेनॉल की कीमत 59 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 64 रुपये प्रति लीटर की है। इसके साथ ही सी-हैवी शीरे की दर 49 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 58-59 रुपये प्रति लीटर करने की जरूरत है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर उछलकर 606.859 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोंचे पर अच्छी खबर है। लगातार चौथे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ हे। देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 2.816 अरब डॉलर उछलकर 606.859 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.107 अरब डॉलर बढ़कर 604.042 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 8 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर रहा है। आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.1 अरब बढ़कर 536.7 अरब डॉलर हो गई है। हांलाकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 19.9 करोड़ डॉलर घटकर 47.13 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 6.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.188 अरब डॉलर रह गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में देश का मुद्रा भंडार 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.842 अरब डॉलर रह गया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।



## देश का निर्यात नवंबर में 2.83 फीसदी घटकर 33.9 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात इस साल नवंबर में 2.83 फीसदी घटकर 33.90 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने 34.89 अरब अमेरिकी डॉलर था। इस दौरान आयात भी घटकर 54.48 अरब डॉलर रह गया, जो नवंबर, 2022 में 56.95 अरब डॉलर था। देश का व्यापार घाटा नवंबर में 20.58 अरब डॉलर रहा।

वाणिज्य मंत्रालय एवं उद्योग मंत्रालय नेजारी आंकड़ों में बताया कि देश का निर्यात नवंबर में 2.83 फीसदी घटकर 33.90 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है, जो पिछले साल इसी महीने 34.89 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएं संयुक्त) 62.58 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो नवंबर, 2022 की तुलना में 1.23 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है। आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में निर्यात 6.51 फीसदी घटकर 278.8 अरब डॉलर रहा। आठ महीने की अवधि के दौरान आयात 8.67 फीसदी घटकर 445.15 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया कि वैश्विक नरमी के बावजूद भारत का निर्यात अच्छा रहा है।




# नवंबर में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 9 फीसदी बढ़ी : डीजीसीए

**नई दिल्ली।**घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर महीने में 9.06 फीसदी बढ़कर 1.27 करोड़ से अधिक रही। एक साल पहले इसी महीने में यह संख्या 1.17 करोड़ थी। इसके साथ ही इंडिगो एयरलाइन देश की सबसे बड़ी घरेलू विमानन कंपनी बनी रही। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने डीजीसीए ने जारी आधिकारिक आंकड़ों में बताया कि नवंबर में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या 1.27 करोड़ रही जबकि पिछले साल इसी महीने में यह संख्या 1.17 करोड़ रही थी। इसमें सालाना आधार पर 9.06 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू विमानन कंपनी बनी रही। हालांकि, नवंबर में इसकी बाजार हिस्सेदारी घटकर 61.8 फीसदी हो गई है, जो अक्टूबर में 62.6 फीसदी रही थी। नवंबर महीने में किसी भी अनुसूचित विमानन कंपनी का 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस' (ओटीपी) अंक 80 फीसदी से अधिक नहीं रहा। डीजीसीए के मुताबिक जनवरी-नवंबर में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या सालाना आधार पर 25.09 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 1,382.34 लाख रही जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 1,105.10 लाख रही थी। आंकड़ों के मुताबिक स्पाइसजेट की घरेलू बाजार हिस्सेदारी अक्टूबर में पांच फीसदी से बढ़कर नवंबर महीने में 6.2 फीसदी हो गई, पिछले महीने इसका ओटीपी स्कोर 41.8 फीसदी था। विमान नियामक के मुताबिक एयर इंडिया की घरेलू बाजार हिस्सेदारी नवंबर में 10.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रही जबकि विस्तारा की हिस्सेदारी पिछले महीने मामूली गिरावट के साथ 9.4 फीसदी रह गई। अकासा एयर और एआईएक्स कनेक्ट की हिस्सेदारी नवंबर में क्रमशः 4.2 फीसदी और 6.6 फीसदी पर अपरिवर्तित रही। एयर इंडिया का ओटीपी स्कोर 62.5 फीसदी, जबकि एईक्स कनेक्ट तथा एलायंस एयर का ओटीपी स्कोर क्रमशः 69.7 फीसदी और 66.1 फीसदी रहा है। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित घरेलू एयरलाइन कंपनियों के 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस' (ओटीपी) की गणना चार महानगरों के हवाई अड्डों बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई पर उनकी सेवाओं के आधार पर की जाती है।




# शेयर बाजार में बना कमाई का रिकॉर्ड, 11 दिनों में निवेशकों को 22 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के निवेशकों के लिए दिसंबर काफी फायदे वाला महीना साबित होता नजर आ रहा है। इस महीने अभी तक कुल 11 दिन कारोबार हुआ है। इन 11 कारोबारी दिनों में शेयर बाजार के निवेशकों ने अभी तक 22 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। माना जा रहा है कि तीन राज्यों में हुई भाजपा की जीत, मजबूत ग्लोबल संकेत और कच्चे तेल की कीमत में आई नरमी की वजह से घरेलू शेयर बाजार ने ये रफ्तार पकड़ी है। इन 11 कारोबारी दिनों में से 9 दिन ऐसे रहे हैं, जब शेयर बाजार में ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया है।

शेयर बाजार में आई तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महीने के आखिरी कारोबारी दिन 30 नवंबर को सेंसेक्स 66,988.44 अंक के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि आज सिर्फ 11 दिन में ही सेंसेक्स 4,495.31 अंक उछल कर 71,483.75 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह 30 नवंबर को निफ्टी 20,133.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं 11 दिन कारोबार के बाद आज ये सूचकांक 1,323.50 अंक की छलांग लगा कर 21,456.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। अगर निवेशकों की कमाई की बात की जाए तो 30 नवंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 335.60 लाख करोड़ रुपये था, जो आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 357.85 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। इस तरह दिसंबर महीने के 11 कारोबारी दिनों के दौरान निवेशकों की संपत्ति में करीब 22.25 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो चुका है। सिर्फ आज के कारोबार की बात करें तो आज की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 357.85 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 355.27 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.58 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।




# एपीएसईजेड ने एमएससी के साथ किया रणनीतिक साझेदारी का विस्तार

**अहमदाबाद।** देश की बड़ी ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने अडाणी एन्नोर कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एईसीटीपीएल) के संचालन के लिए दुनिया की सबसे बड़ी कंटेनर शिपिंग लाइन एमएससी की कंटेनर टर्मिनल ऑपरेटिंग और इन्वेस्टमेंट शाखा, टर्मिनल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (टीआईएल) के साथ अपनी दूसरी रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत की है। यह दूसरा संयुक्त उद्यम (जेवी) अडाणी इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एआईसीटीपीएल) के लिए टीआईएल के साथ 2013 के संयुक्त उद्यम की सफलता के आधार पर हुआ है, जो भारत के सबसे बड़े प्राइवेट कमर्शियल पोर्ट मुंद्रा पोर्ट पर सीटी3 कंटेनर टर्मिनल का संचालन करता है। एपीएसईजेड के सीईओ करण अडाणी ने कहा, एपीएसईजेड की टीआईएल और एमएससी के साथ एक मजबूत साझेदारी है, जो आपसी विश्वास और पारदर्शिता पर आधारित है, जिसे हमारी बढ़ती साझेदारी के रूप में देखा जा सकता है। इस दूसरे संयुक्त उद्यम के साथ, अब हम दक्षिण में सबसे तेजी से बढ़ते कंटेनर टर्मिनल बाजारों में से एक में इस रणनीतिक साझेदारी को बढ़ा रहे हैं। हमारा लक्ष्य एन्नोर कंटेनर टर्मिनल में एआईसीटीपीएल टर्मिनल की सफलता को दोहराना और दक्षिण भारतीय बाजार की व्यापार जरूरतों को पूरा करना है। दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग कंपनी के साथ हमारे इस संबंध को मजबूत बनाना, एपीएसईजेड के मजबूत दृष्टिकोण को दिखाता है जो क्षेत्रीय विकास को एक स्पष्ट व्यापार नजरिये के साथ गति देने का दृढ़ उद्देश्य रखता है। टर्मिनल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के सीईओ अम्मार कनान ने कहा, हम भारत के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर पोर्ट ऑपरेटर एपीएसईजेड के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करके बेहद खुश हैं।

# मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में पिछोर से चुनाव जीते विधायक प्रीतम लोधी का ग्रह नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



अशोक पाठक/9399969531

ग्वालियर-मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले ग्वालियर बीजेपी पार्टी के कद्दावर नेता प्रीतम लोधी का नगर आगमन पर ग्वालियर रेल्वे स्टेशन पहुंचकर समाज के लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पहार पहनाकर भव्य स्वागत करते हुए जीत के लिए बधाई दी, वहीं ग्वालियर रेलवे स्टेशन से जलालपुर तक जगह-जगह पर फूलों की बरसात करते हुए भव्य स्वागत किया गया, मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक प्रीतम लोधी ने कहा कि पिछोर विधानसभा की जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है उस विश्वास को पिछोर विधानसभा में जो विकास कार्य रुके हुए थे उनको पूरा करूंगा, साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया।

# नि :शुल्क नेत्र परीक्षण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का हुआ आयोजन



ग्वालियर। आरोग्यधाम चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र व मोहन लाल सर्राफ मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट मुरार द्वारा रविवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन संजय नगर बस्ती लक्ष्मीगंज में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। शिविर के दौरान सैकड़ों लोगों का परीक्षण किया गया और साथ ही निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण आदि की सुविधा दी गई। वहीं ऑपरेशन योग्य मरीजों को भी चिन्हित कर उन्हें ऑपरेशन के लिए आरोग्यधाम भेजा गया। इन सभी चयनित मरीजों के ऑपरेशन सोमवार को निःशुल्क ही किए जाएंगे।संस्था के प्रबंधक ने बताया कि जरूरतमंद लोगों के लिए यह निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया है।

### प्रत्येक व्यक्ति रखे अपने ह्रदय के प्रति साबधानी :डॉ आशीष चौहान

# डॉ मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल दीनदयाल नगर में नि शुल्क ह्रदय रोग एबं सामान्य जांच शिविर का आयोजन सम्पन





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** दीनदयाल स्थित डॉ मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल हॉस्पिटल पर ह्रदय रोग एवं सामान्य जाँच शिविर का आयोजन रविवार को किया गया जिसमे दी हार्ट केयर सेंटर ग्वालियर के सुप्रीसद्ध ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष चौहान जी द्वारा मरी?ों का निशुल्क परिक्षण किया एबं अपनी सेवाएं दी साथ ही उन्होंने सभी को ह्रदय के प्रति क्या क्या साबधानी रखनी हसि इस पर भी जानकारी दी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में डॉ मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल एबं रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ विश्वास मुदगल, डॉ सुकीर्ति दीक्षित मुदगल डॉ प्रशांत मुदगल डॉ स्वाति मुदगल अच्छेद्र सिंह कुशवाह उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल एबं रिसर्च सेंटर की चेयरमैन डॉ अशोक मुदगल जी एबं श्री दीक्षित जी ने की शीविर का शुवारम्भ सभी अतिथियों ने फीता काटकर एबं दीपराजलित कर किया....

शिविर में सभी मरीजों की ई सी जी एबं अन्य जांचे निशुल्क की गयी शीविर में डॉ शुवम शर्मा श्री देवेंद्र शर्मा उमाशंकर वैशान्दर, श्याम भट्टेले श्वेता गुप्ता,एकता कोमल श्री कृष्णाकांत दुबे, श्री रवी सविता आदि की मुख्य भूमिका रही।

# प्रार्थना भवन पर सद्भावना के साथ मनाया गया संत पोप का 87 वां जन्मदिन

**केक काटकर की देश में अमन जैन व एकता के लिए प्रार्थना-शंकर पॉल**



ग्वालियर। ब्लेसिंग चौरिटी फाउंडेशन द्वारा आज कैथोलिक समुदाय के प्रमुख धर्म गुरु पोप फ्रांसिस जी के 87 वे जन्म दिन के अवसर पर, आज देश में अमन चैन शांति व एकता के लिए प्रार्थना की गई। इसके पश्चात समाजसेवी श्रीमती चंद्रावती एवं श्रीमती ज्योति खटीक ने, केक काटा, सर्वप्रथम कुं. जैनिस फैड्रिक, ब्रदर शंकर पौल ने ईश्वर की वंदना के साथ देश में शांति सद्भावना एवं दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर संत पोप फ्रांसिस के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए शंकर पॉल ने बताया कि संत पोप फ्रांसिस हमेशा देश की शांति सद्भावना भाईचारे के लिए प्रार्थना में रहने के साथ-साथ हमेशा समाज के युवाओं के लिए कुछ न कुछ बेहतरी का सोचते रहते हैं।

इस अवसर पर तन्वी चतुर्वेदी, साहिल खान, कुं. पल्लवी जाटव, राहुल खटीक, कुं. अंजलि खरे, प्रीति मॉरिस,पलक गुप्ता, सजल निगम आदि लोगों ने पोप फ्रांसिस का जन्मदिन बनाकर खुशियां मनाई।

# सुमित प्रदेश महासचिव, श्याम सगठन मंत्री और अंगद बने जिलाध्यक्ष



राष्ट्रीय सवर्ण परिषद की पहली औपचारिक बैठक शिंदे की छावनी पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप पाठक ने प्रदेश, संभाग और जिला स्तर पर मनोनयन किया। इसके तहत प्रदेश स्तर पर महासचिव के पद पर सुमित पाठक, श्याम श्रीवास्तव को संगठन मंत्री, विधि अधिकारी हर स्वरूप शर्मा, मीडिया अधिकारी संजय पांडेय, कोषाध्यक्ष मनीष मुद्गल, संभागीय उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, ग्वालियर जिला ग्रामीण अध्यक्ष के पद पर अंगद शर्मा को मनोनीत किया गया। सभी को अध्यक्ष श्री पाठक द्वारा पट्टिका और संगठन का पत्र सौंपा गया। मनोनीत सभी सदस्यों ने संगठन और समाज के हित में कार्य करने की शपथ ली। प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप पाठक ने बताया कि संगठन के विस्तार के लिए प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए संगठन में महिलाओं की अधिक भागीदारी पर भी जोर दिया जाएगा।

# जीतू पटवारी मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष; उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे उपनेता बने

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस को अब युवा अध्यक्ष मिल गया है। कांग्रेस हाईकमान ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को हटाया मध्यप्रदेश कांग्रेस की कमान पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को सौंप दी है। साथ ही आदिवासी नेता उमंग सिंघार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। साथ ही अटेर से विधायक हेमंट कटारे को उपनेता बनाया गया है। इसकी पुष्टि मीडिया विभाग का प्रदेश अध्यक्ष केके मिश्रा ने की है। वहीं इन नियुक्तियों से स्पष्ट है कि कांग्रेस अब युवा नेतृत्व के साथ लोकसभा में उतरेगी। एआईसीसी अब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सेवायें पुनः दिल्ली में ले सकती है।

# योजनाओं की आसान पहुँच के उद्देश्य को लेकर निकली है संकल्प यात्रा: शेजवलकर



**ग्वालियर** ।झुग्गी झोंपड़ियों के निवासियों से लेकर हर जरूरतमंद तक केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ शुरू की गई है। संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी योजनाओं का लाभ देने गाँव-गाँव और शहर-शहर पहुँच रही है। यह बात सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कही। शेजवलकर संकल्प यात्रा के तहत रविवार को ग्राम अमरौल, मोतीझील और ग्राम मिलावली में आयोजित हुए कार्यक्रम में शामिल हुए।

संकल्प यात्रा के दौरान सांसद शेजवलकर ने उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेण्डर और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत विभिन्न हितग्राहियों को पात्रता पर्ची सौंपी। साथ ही आयुष्मान कार्ड व सॉइल हैल्थ कार्ड सहित भारत सरकार की अन्य योजनाओं के तहत हितलाभ वितरित किए। संकल्प यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण कौशल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने सहभागिता की।केन्द्र सरकार द्वारा स्वच्छ मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, एलपीजी कनेक्शन, स्वास्थ्य सेवाएँ, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाएँ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का क्रियान्वयन राज्य सरकार की सहभागिता से क्रियान्वयन किया जा रहा है। नागरिकों को विभिन्न लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ प्रारंभ की गयी है।

**यात्रा का स्वरूप**-प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक आयोजित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा इस यात्रा के लिये ग्वालियर जिले को 6 आईईसी वेन उपलब्ध करायी गयी है। आईईसी वैनों को सभी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में ले जाया जाएगा और कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

**ग्रामीण क्षेत्र के लिए यात्रा में शामिल योजनाएँ** -ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में आयुष्मान भारत - क्क्छ्ह्ङ्ख, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड , पीएम पोषण अभियान, हर घर जल - जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड और उन्नत कृषि यंत्र शामिल है।

**शहरी क्षेत्र के लिये यात्रा में शामिल योजनाएँ**-शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत - क्क्छ्ह्ङ्ख, पीएम आवास योजना (शहरी), वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया और आरसीएस¬ उड़ान योजना शामिल है।

**एग्री ड्रोन का प्रदर्शन भी** -वेन के साथ ही एग्री ड्रोन को भी प्रदर्शित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि किसानों की सुविधा के लिये उक्त ड्रोन का निर्माण किया गया है। किसानों के समय की बचत और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिये एग्री ड्रोन का निर्माण किया गया है। ड्रोन के इस्तेमाल से खेतों में खाद या दवा का छिड़काव कम समय में किया जा सकेगा। साथ ही एक एकड़ फसल में खाद या अन्य कीटनाशकों का छिड़काव लगभग 15 मिनिट में किया जा सकेगा। कृषि क्षेत्र में ड्रोन के प्रयोग से रोजगार के अवसर भी बड़ेंगे। इसका अनुमानित मूल्य लगभग पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के मध्य है।मध्यप्रदेश शासन के कृषि कल्याण एवं विकास विभाग द्वारा किसानों को इस ड्रोन क्रय करने में अनुदान दिया जायेगा। साथ ही ड्रोन ऑपरेट करने के लिये निर्माणकर्ता कंपनी के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

**आईईसी वेन के माध्यम से लाभार्थियों के अनुभव होंगे साझा** -आई.ई.सी. वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर माननीय प्रधानमंत्री जी का संदेश, संकल्प-वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन, ÷मेरी कहानी मेरी जुबानी÷ लाभार्थियों की व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख- अनुभव साझा किया जायेगा। तकनीकी सत्र में- ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत तकनीक आदि की जानकारी दी जायेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम ÷धरती कहे पुकार के÷ स्वच्छता गीत, सेल्फ हेल्प ग्रुप/एफ.पी.ओ./ स्कूल छात्र/ स्थानीय कलाकरों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेंगे।

# सुयोग्य वर की तलाश में ब्राह्मण सम्मेलन मे कन्याओं के सर्वाधिक हूऐ पंजीयन

**श्रद्धेय श्री अटल जन्म शताब्दी जयंती त्रिदिवसीय समारोह 23 से होगा,**



ग्वालियर। ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजन समिति, ग्वालियर के पदाधिकारियों ने 16 दिसंबर को सायंकाल ठीक 4,00 बजे सनातन धर्म मंदिर परिसर में शुभ लग्न स्मारिका अनावरण एवं संगीतमयी सत्यनारायण कथा सम्पन हुई। कथा सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित गिरिराज गुरू के मुखारविंदु से हुई। मुख्य यजमान रश्मि मनोज त्रिपाठी थे। शुभ लग्न स्मारिका अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला, शासकीय अतिरिक्त महाधिवक्ता, हाईकोर्ट, ग्वालियर, मुख्य वक्ता डॉ नीरज शर्मा, डायरेक्टर, सिम्स हास्पीटल, अध्यक्षता डॉ ओ.एन.कौल,पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, आई एम ए, विशिष्ठ अतिथि के रूप में विनोद कटारे, महाप्रबंधक, एमपीईबी, ग्वालियर , ब्राह्मण सभा मुरार के अध्यक्ष राम पाठक , समिति अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, सम्मेलन मुख्य संयोजक नरेश कटारे, स्मारिका सम्पादकद्वय डॉ मुन्नालाल शर्मा, रविंद्र नाथ नायक, महिला संयोजिका श्रीमती सरोज मिश्रा, महिला महामंत्री सुधा दीक्षित, मंचासीन थे। स्वागताध्यक्ष डॉ अशोक मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। अतिथियों का तिलक लगा कर माल्यार्पण के साथ स्वागत मंत्री रामप्रकाश शर्मा ने स्वागत किया । संचालन महिला अध्यक्ष श्रीमती वीना भारद्वाज ने किया । संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज ने आगामी रूपरेखा बताते हुए कहा कि 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर, कैंसर पहाडिया, लश्कर पर युवा आत्ममिलन समारोह, 22को भूमि पूजन, 23 से 25 दिसम्बर तक श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी त्रिदिवसीय जयंती समारोह में 23 को श्री अटल रत्न सम्मान, 24 को पैतृक निवास पर सायं 4-30 बजे दीपोत्सव, लड्डू वितरण, 25 को सुबह 11 बजे से चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन, लश्कर पर ब्राह्मण परिचय सम्मेलन होगा। स्मारिका की प्राप्ति के लिए कूपन एवं 25 दिसम्बर को भारतीय पद्धति से निशुल्क भोजन कूपन संयुक्त महामत्री हेमंत एडीशन शर्मा, मंत्री अवनीश ललित गौ?,शशीकांत दीक्षित ,राजू पंडित ने दिए अतिथियों ने समारोह में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 12 वा निशुल्क ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन में सुयोग्य वर की तलाश में कन्याओं के सर्वाधिक पंजीयन शुभ लग्न स्मारिका में प्रकाशित होना आयोजको के अथक मेहनत का सार्थक परिणाम हैं। सम्मेलन के लिए किसी भी प्रकार का सार्वजनिक चंदा धन संग्रह नही करना ब्राहणों के लिए गर्व की बात हैं। गंगा दशहरा पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में निशुल्क ब्राह्मण सामूहिक विवाह करवाऐ जिससे समाज में फैली दहेज दानव कुरीति रोकने का सार्थक कदम है। परिचय सम्मेलन से भी दहेज प्रथा पर अंकुश लगता है।

# थाना समान पुलिस ने मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

पुष्पांजली टुडे

रीवा।पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीवा श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी समान निरी. जे.पी.पटेल एवं उनकी टीम ने मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**घटना का विवरण**-दिनांक- 15.12.23 को फरियादी पंकज सिंह पिता शैलेंद्र सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ट्रेंड शोरूम के पीछे बरा उर्रहट थाना समान जिला रीवा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 15/12/2023 को सुबह करीबन 08¬30 बजे अपनी होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक स्क्क्ष7श्च3540 सफेद रंग से अपने दोस्त गौरव शुक्ला निवासी दुर्गा पार्क के पास नेहरू नगर गया था अपनी स्कूटी को अपने दोस्त के घर के सामने ही ख?ी कर घर के अंदर चला गया था जैसे ही सुबह करीबन 09¬20 बजे बाहर आकर देखा तो जहां मैंने अपनी स्कूटी को ख?ी किया था वहाँ पर नहीं थी कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी स्कूटी को चोरी कर ले गया। मेरी स्कूटी का चेसिस नंबर स्थ्४छ्य156तक्क्ष134436 एवं इंजन नंबर छ्य15श्चष्ठ5134479 है। फरि. की रिपोर्ट पर अप.क्र. 440/23 धारा 379 भादवि. का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना मुखबिर व्दारा सूचना मिलने पर एक




संदिग्ध व्यक्ति मिला जिससे नाम पता पूछा गया तो अपना नाम कृष्णजी रजक पिता सुरेश रजक उम्र-19 वर्ष निवासी निवासी - शिवनगर रीवा थाना वि.वि. जिला रीवा (म.प्र.) का होना बताया जिसे अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ कि गई जो दिनांक 15.12.23 को र्गा पार्क के पास नेहरू नगर से होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक स्क्क्ष7श्च3540 सफेद रंग चोरी कर ले जाना स्वीकार किया , आरोपी के बताये स्थान से चोरी गई मोटर सायकल जब्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। गिरफ्तार सुदा आरोपी कृष्णजी रजक पिता सुरेश रजक उम्र-19 वर्ष निवासी निवासी - शिवनगर रीवा थाना वि.वि. जिला रीवा (म.प्र.) को मुताबिक गिरफ्तारी पत्रक के गिरफ्तार किया जाकर जे.आर. मे माननीय न्यायालय पेश किया गया है । आरोपी के विरूद्ध थाना वि.वि. रीवा मे चोरी के 02 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है।

मशरूका (1) होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक 3540 कीमती 75,000 रू.

**नाम पता गिरफ्तार आरोपी**

कृष्णजी रजक पिता सुरेश रजक उम्र-19 वर्ष निवासी निवासी - शिवनगर रीवा थाना वि.वि. जिला रीवा (म.प्र.)

**महत्वपूर्ण भूमिका-**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जे.पी.पटेल, प्र.आर. 292 शिवाजीत मिश्रा एवं थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478